सुप्रभात
रांची, बुधवार
01.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 110 06

अमरत्व का संधान है संस्कृत भाषा

## सीएम ने युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र, भाजपा सरकार पर किया प्रहार, बोले

# अभी सत्ता से हटाया, राज्य से भी हटायेंगे

### भ्रष्टाचार का मतलब क्या होता है, जरा बतायें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** एक घंटे में झारखंड सरकार गिराने का सपना देखनेवाली भाजपा के मंसूबे पर पानी फिर गया। झारखंड सरकार के दामन पर दाग नहीं लगनेवाला है। अभी तो षडयंत्रकारियों को सत्ता से ही बाहर किया है, आनेवाले समय में राज्य से भी बेदखल करेंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। वे स्थानीय पुलिस स्टेडियम में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेला ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। सीएम डिजिटल कियोस्क का फीता काट कर और रोजगार मेले का उद्घाटन दीप जला कर उद्घाटन किया।

**राज्य को दीमक की तरह चाट गयी भाजपा :** सीएम ने कहा कि झारखंड की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार राज्य को दीमक की तरह चाट गयी। कुछ नहीं किया न तो युवाओं को रोजगार दिया न ही बुर्जुगों का आंसू पोछने का काम किया। वहीं हमारी सरकार राज्य के हर क्षेत्र में विकास का काम कर रही है। झारखंड देश का पहला राज्य है जहां सभी बुर्जूगों, बिधवाओं व विकलांगों को पेंशन की व्यवस्था की गयी। सैकड़ों महत्वपूर्ण व कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया। छात्र-छात्राओं से लेकर मां की गोद में पलनेवाले बच्चों के लिए भी सरकार ने काम किया। हजारों युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया करायी गयी। सीएम सोरेन ने कहा कि हमने काम किया तो भ्रष्टाचारी हो गये।

**केंद्र सरकार पर भी प्रहार :** केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार का मतलब क्या होता है यह तो बताओ। हमारे राज्य में हुनर की कमी नहीं है। सरकार ने निर्णय लिया है कि केंद्र यदि मदद नहीं देता है, तो भी राज्य सरकार खुद आठ लाख अबुआ आवास बनायेगी। उन्होंने कहा कि कैसी विडंबना है कि कोयला, लोहा, अबरख, यूरेनियम, बालू, गिटी से भरी पड़ी सबसे अमीर राज्य झारखंड की स्थिति भिखारियों जैसी हो गयी है। केंद्र सरकार अलग-अलग नीतियों के माध्यम से गरीबों के पेट पर लात मारने का काम कर रही है।

महंगाई बेलगाम है। गैर भाजपा राज्य सरकारों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। 11 लाख गरीबों का राशन कार्ड बिलुप्त कर दिया गया। हमारी सरकार ने 20 लाख गरीबों को अतिरिक्त राशन कार्ड बनाकर दिया और बाजार से महंगे दामों पर अनाज खरीद कर गरीबों के बीच बांटने का काम किया।

## केंद्र सरकार कर रही सौतेला व्यवहार : हेमंत सोरेन


पलामू में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

### स्थानीय को रोजगार दिलाने की गारंटी

सीएम ने कहा कि रोजगार मेला के माध्यम से इस कड़ी में प्रमंडल के पांच हजार से अधिक युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। बुनियादी विकास पुल-पुलिया, सड़क, सिंचाई, पीने का पानी की सुविधा सभी सरकारें कराती है। हमारी सरकार ने इसके अलावे नौजवानों को सही दिशा दिखाने व बेहतर जीवन जीने के लिए भी मार्ग प्रशस्त कर रही है। कौशल विकास श्रम नियोजन व प्रशिक्षण विभाग की ओर से पहले भी रोजगार मेला लगाकर 30 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल, सुखाड़ व भुखमरी जैसी विपत्ति आने के बाद भी एक भी व्यक्ति को भी हमने भूखे नहीं मरने दिया। सरकार ने तय किया है कि राज्य के युवा व मजदूरों को रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में नहीं जाना पड़े इसके लिए संस्थाओं में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने की गारंटी दी गयी है। एशियन हॉकी चैंपियनशिप पहली बार देश के झारखंड में आयोजित हो रहा है। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया जा रहा है। गांव-गांव में खेल का मैदान तैयार किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय एकता से ही विकसित भारत का लक्ष्य पायेंगे : मोदी


## तुष्टीकरण करने वाले आतंकियों के साथ खड़े हैं

एजेंसी


**केवड़िया (गुजरात)।** पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले अपने स्वार्थ की खातिर अब मानवता के दुश्मनों तथा आतंकवादियों के साथ खड़े हो गये हैं। वे देश की एकता को खतरे में डाल रहे हैं जिनसे हर हाल में सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा, जो लोग देश की एकता पर हमले कर रहे हैं, हम सभी देशवासियों को उन्हें जानना है, पहचानना है, समझना है और उनसे सतर्क भी रहना है। राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर पीएम नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर बांध के निकट केवड़िया पहुंचे और सरदार पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने सबको राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। फिर राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली।

**तुष्टिकरण की सोच बहुत घातक :** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के इजरायल हमास संघर्ष के बारे में लेख के दो दिन बाद श्री मोदी ने किसी का नाम लिये बिना कहा- देश की एकता के रास्ते में, हमारी विकास यात्रा में सबसे बड़ी रुकावट है तुष्टीकरण की राजनीति। तुष्टीकरण करने वालों को मानवता के दुश्मनों के साथ खड़े होने में संकोच नहीं हो रहा। वे आतंकी गतिविधियों की जांच में कोताही करते हैं, देशविरोधी तत्वों पर सख्ती करने से बचते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### स्वार्थी लोगों से देश को जनता बचाये



पीएम ने ने कहा, अभी देश में चुनाव का भी माहौल बना हुआ है। अगले साल लोकसभा के भी चुनाव होने वाले हैं। देश में एक बहुत बड़ा राजनीतिक धड़ा ऐसा है जिसे सकारात्मक राजनीति का कोई तरीका नहीं दिख रहा। दुर्भाग्य से ये धड़ा ऐसे-ऐसे हथकंडों को अपना रहा है, जो समाज और देश के खिलाफ है। ये धड़ा अपने स्वार्थ के लिए देश की एकता अगर टूटती भी है, तो उनके लिए, उनका स्वार्थ सर्वोपरि है। इसलिए इन चुनौतियों के बीच आप मेरे देशवासी, जनता-जनार्दन, आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गयी है। ये लोग देश की एकजुटता पर चोट करके अपना राजनीतिक हित साधना चाहते हैं। देश इनसे सतर्क रहेगा, तभी विकास के अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पायेगा।

### कृतज्ञ राष्ट्र ने लौह पुरुष और लौह महिला को किया नमन

**नयी दिल्ली।** कृतज्ञ राष्ट्र ने मंगलवार लौहपुरुष और देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल और और लौह महिला पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धा के साथ नमन किया। 31 अक्टूबर को लौहपुरुष की जयंती और लौह महिला की पुण्यतिथि है। भारत के राजनीतिक एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद करने के लिए उनकी जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी जाती है। पीएम मोदी ने 2014 में इसकी शुरुआत की थी। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्यतिथि पर उनकी समाधिस्थल शक्ति स्थल पर पीएम मोदी समेत सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने श्रद्धांजलि दी।

### चैंपियंस ट्राफी में भारत की लगातार चौथी जीत

## डिफेंडिंग चैंपियन जापान को भारत ने 2-1 से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्राफी के तीसरे मैच में भारत ने डिफेंडिंग जापान को 2-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारत की ओर से पहला गोल झारखंड की खिलाड़ी सलीमा टेटे के पास पर नवनीत ने किया। दूसरा गोल दीपिका ने दागा। जापान की यह पहली हार है। हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 था। दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने अपने खेल से दर्शकों का दिल जीत लिया। 31वें मिनट में झारखंड की सलीमा टेटे ने तीन खिलाड़ियों को छकाते हुए नवनीत कौर को बॉल पास किय, जिसे नवनीत ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। जापान ने तुरंत स्कोर को 1-1 कर दिया। 3 किया। दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने गोल भारत को 2-1 से आगे कर दिया, जो निर्णायक रहा।


**वंदना कटारिया ने 300वां मैच खेला :** भारत की वंदना कटारिया ने अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच रांची में खेला। इस दौरान हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने वंदना को कैप पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, शिक्षा सचिव के रवि कुमार आदि शामिल थे।

## पूजा को राहत नहीं, जमानत पर अगली सुनवाई दो दिसंबर को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित और फिलहाल जेल में बंद आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिली है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई अब 2 दिसंबर को होगी। उनकी ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने पक्ष रखा। वहीं इडी की ओर से एएसजी (असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल) एस वी राजू ने बहस की।

अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट से पूजा सिंघल को बेल देने का आग्रह किया, जिसका इडी के अधिवक्ता ने पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि पूजा सिंघल से जुड़े मामले में गवाही की प्रक्रिया चल रही है। (शेष पेज 11 पर)

**क्या है मामला :** खूंटी में उनके डीसी रहते मनरेगा घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ था। ईडी ने पिछले साल 6 मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास, उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह के आवास समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उनके पति के सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ नगद बरामद हुए थे। इसके बाद 11 मई 2022 को ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था। अब वह रेगुलर बेल के लिए कोशिश कर रही हैं, फिलहाल पूजा सिंघल रिम्स के पेइंग वार्ड में इलाजरत हैं।

### ऐतिहासिक मुड़मा जतरा अब अपने आप में सक्षम : सीएम

## मिलजुल कर राज्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लें

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** ऐतिहासिक मुड़मा जतरा को आज किसी बैसाखी की जरूरत नहीं है। यह जतरा अपने आप में सक्षम हो चला है। मंच के सामने खड़ी भीड़ और दुकानों से सजा जतरा स्थल यह बताने के लिए काफी है कि जतरा अपने आप को सक्षम बनाने में समर्थ है। उक्त बातें राजकीय मुड़मा जतरा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहीं। सीएम ने कहा, आज इस मंच से हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम सब मिलकर आगे बढ़ें तभी समाज और हमारे राज्य का विकास होगा।



**कुछ लोगों की गलत नीतियों से झारखंड पिछड़ा :** सीएम ने कहा कि झारखंड के कोयले से पूरी दुनिया में बिजली फैल रही, लेकिन झारखंड खुद अंधेरे में है। कुछ लोगों की गलत नीति निर्धारण से राज्य की यह गति है। प्रकृति ने तो झारखंड को पूरी संपदा दी है, पर इसका फायदा लोगों को नहीं मिल रहा है। (शेष पेज 11 पर)

## चरही में ट्रेन की चपेट में आने से तीन की मौत

- मृतकों में दो महिलाएं, सात की हालत गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही (हजारीबाग)।** दलदलिया के पास बरकाकाना-कोडरमा पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से दो महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों के अनुसार सात महिलाएं और दो पुरुष ट्रैक्टर पर सवार होकर दूधी मिट्टी लाने जा रहे थे। पटरी क्रास करते समय अचानक ट्रेन के आ जाने से उसकी चपेट में आ गये। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह रेलवे 23 नंबर दलदलिया गांव के पास हुआ। हादसे में सरबाहा गांव के रमेश गंझू (25) और जगदेव महतो की पत्नी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतकों में रमेश गंझू (30वर्ष) झनिया देवी (55 वर्ष), द्रौपदी देवी (50वर्ष) शामिल हैं। मृतक रमेश गंझू की पत्नी, चालक करण कुमार, सावित्री देवी सहित सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। चरही पुलिस ने शवों को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## रघुवर ने ओड़िशा के राज्यपाल पद की ली शपथ

### सांसद संजय सेठ, आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह समेत 80 लोग झारखंड से पहुंचे थे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास ने मंगलवार को भुवनेश्वर के राजभवन में पद की शपथ ली। उन्हें ओडिशा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डॉ न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने राजभवन के न्यू अभिषेक हॉल में राज्यपाल पद की शपथ दिलायी। राज्यपाल रघुवर दास ने हिंदी में शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्यपाल को बधाई दी। राज्य के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना ने भारत के राष्ट्रपति द्वारा रघुवर दास को ओडिशा के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने के लिए जारी नियुक्ति वारंट को पढ़ा। शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद कमिश्नरेट पुलिस की टुकड़ी ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया।

मौके पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय शिक्षा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओड़िशा विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला मल्लिक, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण, समरी लाल, किशुन दास, पूर्व सांसद अजय मारू, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रकाश राम, आशा लकड़ा, मंत्रिपरिषद के सदस्य, जन-प्रतिनिधि, विभागों के सचिव एवं आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।

इस शपथ ग्रहण समारोह से पहले रघुवर ने सुबह भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर पहुंचकर भगवान लिंगराज की पूजा की और भगवान से आशीर्वाद लिया। उन्होंने भगवान से प्रार्थना करते हुए ओडिशा और भारत को विकास और सफलता के शिखर पर पहुंचाने की कामना की।



राज्यपाल के रूप में शपथ लेते रघुवर दास।

## झारखंड के 16 पुलिसकर्मियों को शीघ्र गृह मंत्री विशेष पदक

- मेडल पानेवालों में सात आइपीएस और नौ पुलिस अधिकारी शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर साल 2023 के लिए केंद्रीय गृह मंत्री विशिष्ट अभियान पदक के लिए झारखंड के सात आइपीएस अधिकारियों सहित कुल 16 पुलिस कर्मियों के नामों का एलान किया है। इन्हें 26 जनवरी को इस सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। झारखंड से स्पेशल ऑपरेशन मेडल पानेवालों में नक्सलियों के खिलाफ बेहतरीन कार्रवाई करनेवाले अधिकारियों व जवानों के नाम शामिल है। (शेष पेज 11 पर)

### एडीजी और आइजी समेत सात आइपीएस



यूनियन होम मिनिस्टर का स्पेशल ऑपरेशन मेडल झारखंड के सात आइपीएस अफसरों में एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, आइजी अभियान अमोल वी होमकर, पलामू आइजी राज कुमार लकड़ा, रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, लातेहर एसपी अंजनी अंजन, स्पेशल ब्रांच की एसपी शिवानी तिवारी और आइपीएस अंजनी झा शामिल हैं।

### न्यूज डायरी

**पाकिस्तान को चार हार के बाद मिली जीत**

**कोलकाता।** पाकिस्तान को आखिरकार चार हार के बाद जीत मिल गयी है। पाकिस्तान टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया है। पाक ने 205 रन का लक्ष्य 32.3 ओवर में हासिल कर लिया।

**इजरायल ने हमले के कमांडर को मार गिराया**

**नयी दिल्ली।** इजरायल की सेना ने 7 अक्टूबर के हमले के नेतृत्वकर्ता हमास कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इसके साथ ही पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने सीजफायर से इनकार कर दिया है और उसकी तुलना सरेंडर से की।

**झारखंड के दुमका में 3.7 तीव्रता का भूकंप**

**रांची।** झारखंड में मंगलवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.7 रही। केंद्र उपराजधानी दुमका से 24 किमी उत्तर-उत्तर पूर्व इलाके में जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर रहा।

**झारखंड कैबिनेट की बैठक तीन नवंबर को**

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक तीन नवंबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है।

**तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने जा रहे हम : मोदी**

**एकतानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अगले कुछ सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे हैं। श्री मोदी ने अपने गुजरात के दो दिन के दौरे के दूसरे दिन यहां राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को देख रही है।

**अगर पटेल न होते, देश का ये मानचित्र न होता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत की एकता और समृद्धि सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन का एकमात्र ध्येय था और उनकी बदौलत ही पृथ्वी पर एक संप्रभु तथा अखंड भारत का मौजूदा मानचित्र संभव हो पाया था।

**राजनाथ और योगी ने दी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि**

**लखनऊ।** लौहपुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज स्थित सरदार पटेल स्मारक पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**बहराइच : सड़क हादसे में तीन मरे, पांच घायल**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में पिकअप वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दंपत्ति और उनकी मासूम बेटी की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य बच्चे घायल हो गये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




खबर एक नजर में

## राजभवन में याद किये गये सरदार पटेल



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में मंगलवार को भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राज्यपाल को मिला स्थापना दिवस का न्योता



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की। मौके पर विस अध्यक्ष ने राज्यपाल को 15 नवंबर को होनेवाले झारखंड विधान सभा के स्थापना दिवस का न्योता दिया।

## सांसद आदित्य साहू ने रघुवर दास को दी बधाई



रांची। भाजपा सांसद आदित्य साहू ने मंगलवार को ओड़िशा राजभवन में नव नियुक्त राज्यपाल रघुवर दास को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शपथ ग्रहण समारोह में अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, मुनेश्वर साहू, शिवपूजन पाठक, कुणाल षाडंगी सहित दर्जनों की संख्या में लोग शामिल हुये।

## सीसीएल में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया



रांची। सीसीएल में राष्ट्रीय एकता दिवस पर भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर निदेशक राम बाबू प्रसाद, हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, विभागाध्यक्षगण, सभी विभागों के महाप्रबंधक और अन्य कर्मियों ने श्रद्धांजलि दी। मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार और निदेशकगणों ने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई। अवसर विशेष पर भ्रष्टाचार मुक्त समाज विषय पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

## सीएमपीडीआई में मना राष्ट्रीय एकता दिवस



रांची। सीएमपीडीआई ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंगलवार को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार ने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और नैतिकता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एकता दौड़/रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया। समारोह में निदेशक अजय कुमार, सतीश झा, अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्षगण तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## टेरर फंडिंग मामले में एनआईए की ओर से बहस पूरी

रांची। चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी आधुनिक पावर कंपनी की तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की चार्जफ्रेम एवं डिस्चार्ज पिटिशन पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान एनआईए की ओर से बहस पूरी हो गई। महेश अग्रवाल की ओर से एनआईए के जवाब पर अपना प्रतिउत्तर दिया गया। अब 6 नवंबर को एनआईए के जवाब पर अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की ओर से पक्ष रखा जाएगा। दरअसल रांची की एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआइए की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआइए ने टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआइए ने मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

### चाईबासा मनरेगा घोटाला मामला, अगली सुनवाई 12 दिसंबर को

# ईडी ने हाईकोर्ट को एक केस दर्ज होने की दी जानकारी, कोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**राज्य सरकार ने ईडी को उपलब्ध कराया दस्तावेज**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि मामले में ईडी ने एक ईसीआईआर केस दर्ज किया है, जिसका अनुसंधान जारी है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने चार सप्ताह में ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने और प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। इससे पहले महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज 14 केस में से 13 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी की ओर से जो दस्तावेज मांगे गए थे उसे राज्य सरकार ने उपलब्ध करा दिया है। जनहित याचिका में प्रार्थी का जो आग्रह था, वह पूरा हो चुका है इसलिए याचिका निष्पादित की जाए। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 12 दिसंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से मनरेगा घोटाला में चाईबासा के तत्काल डीसी के श्रीनिवासन की भूमिका पर सवाल उठाया गया। जिस पर कोर्ट ने कहा कि ईडी इस मामले की जांच कर रही है।



**क्या है मामला** : प्रार्थी की ओर से की ओर से कोर्ट को बताया गया था वित्त वर्ष 2008-9, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला हुआ है। इसे लेकर चाईबासा में पुलिस ने 14 एफआईआर दर्ज की थी। बाद में एसीबी ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। चाईबासा में उक्त 3 वित्त वर्षों में मनरेगा कार्यों में अग्रिम राशि का भुगतान तो कर दिया गया था लेकिन कोई काम धरातल पर नहीं हुआ था। उस समय चाईबासा के डीसी के श्रीनिवासन थे। बता दें कि चाईबासा में मनरेगा घोटाला की जांच को लेकर प्रार्थी ने वर्ष 2013 में जनहित याचिका दाखिल की थी, बाद में कोर्ट ने इस मामले को निष्पादित कर दिया था। इसके बाद में प्रार्थी की ओर से वर्ष 2021 में फिर से जनहित याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई है।

## दारोगा रूपा तिर्की मौत केस का ट्रायल शुरू होगा, हाइकोर्ट ने हटायी रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। साहिबगंज की दिवंगत महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की आत्महत्या के आरोपी दारोगा शिव कुमार कनौजिया की क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। याचिका में उन्होंने यह आग्रह किया था कि पुलिस ने इस केस में जो चार्जशीट दाखिल की है, उसे स्वीकार नहीं किया जाए। बल्कि सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए। सुनवाई के दौरान अदालत ने ट्रायल पर लगी रोक हटाते हुए शिव कुमार कनौजिया की याचिका निष्पादित कर दी। हाईकोर्ट के आदेश पर रूपा तिर्की की मौत के केस का ट्रायल रुका हुआ था। इस केस में साहिबगंज जिले के बोरियो थाना में मामला दर्ज किया गया है। शिव कुमार कनौजिया फिलहाल जमानत पर हैं। उन्हें झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की है।

**पूरे मामले की जांच सीबीआई ने की** : रूपा तिर्की आत्महत्या मामले में साहिबगंज पुलिस ने दारोगा शिव कनौजिया को 9 मई 2021 को गिरफ्तार किया था। इस पूरे मामले की जांच सीबीआई ने की है। सीबीआई ने इस मामले में अपनी क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल कर दी है। वहीं सीबीआई के केस टेकअप करने से पूर्व पुलिस ने भी चार्जशीट दाखिल की थी। शिव कुमार और रूपा के बीच दोस्ती थी। मोबाइल पर दोनों के बीच बात होती थी।

## मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत होगा 22 बीमारियों का इलाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में बीमारियों का इलाज आयुष्मान कार्ड से तो किया जा रहा है लेकिन कई ऐसी बीमारियां हैं जिसका इलाज कराना यहां की जनता के लिए मुश्किल है। खासकर वैसे लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे लोगों का इलाज मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत किया जाता है। इसमें मरीजों के इलाज का खर्च सरकार वहन करती है। सरकार की ओर से ऐसे ही बीमारियों की नई लिस्ट जारी की गई है, जिसमें 22 तरह की बीमारियों को शामिल किया गया है।

बताया गया है कि समय-समय पर सरकार की अनुशंसा पर इस लिस्ट के अलावा अन्य बीमारियों का भी इलाज गंभीर बीमारी योजना के तहत किया जाता है। ये वैसी बीमारियां हैं, जिसे आयुष्मान भारत योजना में कवर नहीं किया जाता है। मरीजों को इसके लिए कोई चार्ज नहीं देना होगा।

### इन बीमारियों का होगा मुफ्त इलाज

सभी तरह के कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट, सीरियस लीवर डिजीज, विस्कॉट अल्ड्रीच सिंड्रोम, थैलेसीमिया, ब्लड डिस्क्रेसिया, बोन मैरो ट्रांसप्लांट, प्लास्टिक सर्जरी ट्रॉमा के बाद, बर्न के बाद, रेटिनल डिटैचमेंट, सीरियस हेड इंज्यूरी विद क्रेनियोटॉमी प्लस क्रिटिकल केयर, कोरोनरी आर्टरी बाइपास ग्राफ्टिंग, आर्टिक बलून पंप (सीएबीजी प्लस आइएबीपी), कंटीन्यूअस रेनल रिप्लेसमेंट थेरेपी इन एक्यूट फेल्योर इन आईसीयू, प्रोलिफरेटिव डाइबिटीक रेटिनो पैथी, आपरेशन ट्रैकिया ओसोफैजियल फिस्टुला, मेनिंगोइनसेफालकोएल सर्जरी, पेनिट्रेटिंग केरौटोप्लास्टी, ब्रेन हेमरेज, कागनिटल डिफार्मेटिज इंक्लुडिंग फेशियल क्लेफ्ट्स, माइक्रोस्टिया हेमोफेशियल, माइक्रोसोमिया, टीचर कोलिंस सिंड्रोम, क्रोनियन सिनोस्टोसिस, इक्टोपिया वैसिया, काक्लियर इंप्लांट, डचने मस्कुलर डिस्ट्रोपैथी और जुवेनाइल नैसाफैरिंजियल एंजियोफाइब्रोना जैसी बीमारी का इलाज मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत होगी।

## डीवीसी कमांड एरिया जिलों में बिजली संकट फिर हुआ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कोडरमा स्थित डीवीसी के पावर प्लांट केटीपीएस बांझेडीह की यूनिट नंबर दो से बिजली उत्पादन बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इसके बंद होने से डीवीसी कमांड एरिया के जिलों में बिजली की परेशानी शुरू हो गयी है। हालांकि डीवीसी प्रबंधन ने दावा किया है कि उनके कमांड एरिया में कोई बिजली संकट नहीं होने दिया जायेगा।

बता दें कि इस प्लांट से डीवीसी करीब 200 से 300 मेगावाट बिजली लेता है। केटीपीसी पावर प्लांट से कुल 1000 मेगावाट का बिजली उत्पादन होता है। जिसमें दो यूनिट से 500-500 मेगावाट उत्पादन होता है। इससे डीवीसी बिजली लेकर अपने कमांड एरिया में सप्लाई करता है।

जानकारी के अनुसार केटीपीएस ने ओवरवाइलिंग और मेंटेनेंस के कारण 28 दिनों तक यूनिट नंबर दो से बिजली उत्पादन बंद कर रहा है। इस संबंध में केटीपीएस के परियोजना प्रधान ने बताया कि कोडरमा थर्मल पावर प्लांट की यूनिट नंबर 2 से बिजली उत्पादन 28 अक्टूबर से 25 नवंबर तक बिजली उत्पादन बंद रहेगा। इस दौरान प्लांट की इस यूनिट का ओवरवाइलिंग और मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। इसका असर डीवीसी कमांड एरिया कोडरमा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा आदि जिलों में पड़ सकता है।

## प्रार्थी को नकल की कॉपी क्यों नहीं दी गई : हाईकोर्ट

रांची। निलंबित भाजपा नेता सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार से जानकारी मांगी है कि चार्जशीट पर ट्रायल कोर्ट द्वारा लिये गए संज्ञान की नकल प्रार्थी को क्यों नहीं दी गई। अदालत ने सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को इस आदेश की कॉपी रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त को देने का निर्देश दिया गया है। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत अब इस मामले में 6 नवंबर को सुनवाई करेगी। बता दें कि 31 अगस्त को सीमा पात्रा को गिरफ्तार किया गया था। उन पर आदिवासी युवती की प्रताड़ना का आरोप है।

### भाजपा सरकार की योजनाओं का उदघाटन कर मुख्यमंत्री ले रहे हैं श्रेय

## मयूराक्षी पुल को बाबा तिलका मांझी के नाम पर समर्पित करे राज्य सरकार: प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार से मयुराक्षी नदी पर नवनिर्मित पुल का नामकरण बाबा तिलका मांझी के नाम पर करने की मांग की है। श्री शाहदेव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसा करना ना सिर्फ पूरे संथाल परगना बल्कि देश के लिए गौरव का विषय होगा। उन्होंने कहा कि बाबा तिलका मांझी ने 1784 ई में ही आजादी का झंडा बुलंद किया था। तत्कालीन ब्रिटिश कमिश्नर अगस्तस क्लेवलैंड की गुलेल और तीर से मारकर हत्या कर उलगुलान की शुरूआत की थी। बाबा तिलका मांझी और उनके अनुयायियों ने जंगल से अनेक हफ्तों तक अंग्रेजों के छक्के छुड़ा कर रखे थे। बाद में धोखे से उन्हें पकड़ कर फांसी पर चढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा करना बाबा तिलका मांझी की शहादत के प्रति एक छोटी सी श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जानना चाहा कि वह कब तक भाजपा के सरकार के समय शुरू की गई योजना का उदघाटन कर श्रेय लेने की कोशिश करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक भी योजना बतायें, जो उनके सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई हो और जिसका उदघाटन भी इन्होंने किया हो। उन्होंने कहा कि इस सरकार का फोकस विकास पर रहा ही नहीं है। यह सिर्फ लूट और खसोट में लगी रही है, नहीं तो 4 वर्ष का समय काफी होता है किसी सरकार को अपनी योजना का प्रारंभ कर उसका उदघाटन करने के लिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यकाल देखते-देखते भाजपा के कार्यकाल की योजनाओं का ही उदघाटन करते-करते समाप्त हो जायेगा। इस अवसर पर प्रभारी अशोक बड़ाइक, एसटी मोर्चा के महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, मंत्री रोशनी खलखो उपस्थित थे।

### जैक कर्मियों ने प्रतिनियुक्ति का किया विरोध

## सीएम को सौंपा ज्ञापन, शिक्षा सचिव के आदेश को रद्द करने की रखी मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के दैनिक कर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर दैनिक वेतन भोगियों के जिलों में प्रतिनियोजन पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि उन्हें यह जानकारी मिली है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव ने जैक के कर्मचारियों को राज्य के सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में तीन-तीन कर्मियों के प्रति नियुक्ति का निर्देश दिया है। इससे हम सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी भी प्रभावित होंगे। उन्होंने लिखा है कि झारखंड स्थानांतरण नीति में कहीं भी इस बात का जिक्र नहीं किया गया है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का स्थानांतरण किया जा सकता है? यदि हमारा स्थानांतरण किया जाता है तो हम अल्प वेतन भोगी कर्मी अपना परिवार के साथ भरण पोषण नहीं कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें न तो एचआरए मिलता है और नहीं अन्य भत्ते। ऐसे में उनका प्रतिनियोजन किस भी स्थिति में ठीक नहीं है। जैक के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से कहा है कि यदि हम दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को इस आदेश के आधार पर स्थानांतरण किया गया तो हम बाध्य होकर न्यायालय की शरण लेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के आदेश को रद्द करने की मांग की है।

## जेएसएससी की लगातार तीन परीक्षाएं सवालों के घेरे में आयीं

### राजधानी के बाहर और भीतर सुलगने लगी है प्रश्न पत्र लीक की आग

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित परीक्षाएं भी विवादों में घिरती नजर आ रही हैं। आयोग की ओर से आयोजित परीक्षाओं को लेकर लगातार तीसरी बार सवाल उठाये गये हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि जेएसएससी परीक्षा तो आयोजित करता है, लेकिन हर बार इसमें कोई न कोई गड़बड़ी हो जाती है। बीते रविवार को हुई परीक्षा में भी प्रश्न पत्र का सील खुला हुआ था। बताते चलें कि दिसंबर 2022 में हाईकोर्ट ने राज्य की नियोजन नीति को रद्द कर दिया था। इसके बाद जेएसएससी को परीक्षा को लेकर 12 विज्ञापन रद्द कर दिये थे। बता दें कि जेएसएससी की ओर से ली जाने वाली जेई की परीक्षा के विज्ञापन को सरकार ने पहले ही ने रद्द कर दी है। इसका कारण इस परीक्षा में धांधली बताया गया है। कहा गया कि प्रश्न पत्र व्हाट्सएप ग्रुप चल रहे थे। हालांकि कुछ महीनों के बाद इसके दोषियों को झारखंड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। प्रश्न पत्र लीक होने के मामले की जांच अभी भी चल रही है। जेई के 1289 पदों के लिए रिक्तियां निकाली गई थी। इसी तरह बीते 19 और 20 सितंबर को शिवा इंफोटेक में झारखंड डिप्लोमा स्तर की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को अपरिहार्य कारण से रद्द कर दिया गया।

**प्रश्न पत्र का सील खुला रहने की बात आयी सामने** : बीते रविवार को जेएसएससी की ओर से नगर पालिका सेवा की परीक्षा आयोजित की गई थी। अभ्यर्थियों ने परीक्षा के प्रश्न पत्र का लिफाफा पहले से खुला रहने की बात कहकर हंगामा किया था। इसके बाद परीक्षा अधिकारियों ने आयोग के सचिव के नाम पत्र लिखा और प्रश्न पत्र का सील खुला रहने की बात कही है। इसे लेकर विरोध शुरू हुआ है।

### प्रदेश अध्यक्ष बोले- दोनों विभूतियों का योगदान और बलिदान देश भुला नहीं सकता

# प्रदेश कांग्रेस ने सरदार पटेल की मनायी जयंती स्व. इंदिरा गांधी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की शहादत दिवस कांग्रेस भवन, रांची में मनाई गई। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्व. इंदिरा गांधी एवं लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि दोनों विभूतियों का योगदान एवं बलिदान को देश भुला नहीं सकता है। श्रीमती गांधी ने भारत का नाम विश्व में रोशन किया और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि शहादत दिवस इसलिए मनाते हैं कि देश विभिन्नता में एकता चाहता है। इंदिरा जी ने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपनी कुबार्नी दी।

श्री ठाकुर ने देश की संगठित संरचना के निर्माण के लिए संकल्पित, अपने प्रयासों से भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा को समर्पित उनका जीवन चिरकाल तक देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा, देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का नेतृत्व विशाल था। उनके दृढ़ निश्चय के कारण ही उन्हें लौह पुरूष के नाम से जाना जाता है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्व. पटेल के विचार एवं आदर्श आज के युग में बहुत प्रासंगिक है। स्वतंत्रता आंदोलन में तो उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी ही, आजादी के बाद देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य किये।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, सतीष पॉल मुंजनी, गजेन्द्र सिंह, ममता देवी, रामाकांत आनंद, केदार पासवान, नेली नाथन, राजन वर्मा, संजय कुमार, पूर्णिमा सिंह, जितेन्द्र त्रिवेदी, बिनोद कुमार सिंह, अजय कुमार, रश्मि चन्द्र पिंगुआ, राजदेव सिंह, अर्चना मिश्रा, मेहुल प्रसाद, सुन्दरी तिर्की, अरूण मिश्रा, मंजर मुजीबी, खुर्शीद हसन, रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

### भाजपा मुख्यालय में लौह पुरूष को दी गयी श्रद्धांजलि

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे सरदार वल्लभ भाई पटेल : बाबूलाल मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री मरांडी ने कहा कि सरदार साहब भारत की राष्ट्रीय एकात्मता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से भारत को मिली आजादी के बाद सरदार साहब ने 500 से अधिक रियासतों को एक भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल भारत माता की सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाये रखना चाहते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व जितना महान था, उनका कृतित्व भी उतना ही महान रहा। वे केवल कुशल राजनेता ही नही बल्कि कुशल प्रशासक भी थे। उन्होंने कहा कि सरदार साहब ने राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करते हुये भारतीय प्रशासनिक तंत्र को भी विकसित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में बालमुकुंद सहाय, काजल प्रधान, प्रतुल शाहदेव, राजीव रंजन मिश्र, अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### जेएनवी जपला 2 में एकता दौड़ का आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** जवाहर नवोदय विद्यालय, जपला 2 में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अशहर रूमी ने बच्चों को राष्ट्रीय एकता की प्रतिज्ञा दिलाया एवं उनको संबोधित करते हुए कहा कि आज के एकीकृत भारत का सपना सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देखा था। उनके ही अनवरत प्रयास का परिणाम है संपूर्ण भारत के छोटे छोटे राज्यों को एक संघीय ढांचा में एक ध्वज के नीचे भारत गणराज्य का निर्माण। इसके बाद विद्यालय परिसर से रेलवे स्टेशन जपला तक एकता दौड़ लगाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के राजेन्द्र प्रसाद सिंह, अभिषेक सिंह, रामकेश मीणा, नितीन कुमार पाण्डेय, अशमुनी प्रसाद, नसीम मल्लिक, सुनील कुमार, जया दत्ता उपस्थित थे।

### हैदरनगर बीस सूत्री अध्यक्ष ने नये प्रभारी सीओ सह बीडीओ को दी बधाई



**हैदरनगर पलामू।** प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बीस सूत्री सदस्यों ने नव पदस्थापित प्रभारी सीओ सह बीडीओ शुभम बाला टोपनो से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष ने बुके देकर उन्होंने बधाई दी। क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराया साथ ही मिल जुलकर क्षेत्र के विकास में भागीदारी देने की बात कही। कहा कि प्रखंड के विकास में बीडीओ व अंचलाधिकारी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आमजन को प्रखंड व अंचल के कार्य के लिए व्यर्थ चक्कर लगाना न पड़े। उन्होंने प्रखंड में चल रहे योजनाओं में पारदर्शिता लाने को कहा। इस पर प्रभारी बीडीओ ने उन्हें विश्वास दिलाया कि प्रखंड व अंचल में पारदर्शिता बरती जाएगी। साथ ही बाधित काम को जल्द निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन सीधा अपने परेशानी को मुझ तक रख सकते है।

### झामुमो की नजर में सहयोगी दलों का कोई महत्व नहीं : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में अपने सहयोगी दलों के नेताओं को मान सम्मान न देने और सहयोगी दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा हेमंत सोरेन मुदार्बाद के नारे लगाए जाने पर आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा है की झारखंड मुक्ति मोर्चा के तथाकथित नेताओं के द्वारा गठबंधन में शामिल दल के नेताओं को एक सोची समझी साजिश के तहत सम्मान पूर्वक बैठने की व्यवस्था ना करा कर अपमानित करने का कार्य किया गया है। जबकि पिछले कई दिनों से पूरे कार्यक्रम के मद्देनजर विधि व्यवस्था बनाई जा रही थी, आज सभी शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया है, साफ सफाई के साथ रंग रोगन किए गए हैं, जब सारी तैयारी की गई तो फिर आखिर किन परिस्थिति में अपने ही सहयोगी दल के जिला अध्यक्षों को केवल बैठने की व्यवस्था न देकर अपमानित किया गया जो चिंतनीय और निंदनीय है। अविनाश वर्मा ने कहा कि झामुमो संख्या बल के आधार पर झारखंड में बड़े भाई की भूमिका का निर्वहन करना चाहती है जबकि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी होने के बावजूद झारखंड में छोटे भाई की भूमिका में रहना चाहती है मगर झारखंड में राजद को संख्या बल के आधार पर झामुमो के स्वयंभू नेताओं ने सौतेले भाई की भूमिका में खड़ा कर दिया है।

### बीएओ व एटीएम ने किया बीज का वितरण



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बोहिता तथा रेवारातु पंचायत के किसानों के बीच प्रखंड कृषि पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार तथा एटीएम प्रियंका कुमारी के देखरेख में मंगलवार को चना बीज का वितरण किया गया। बीएओ धर्मेंद्र कुमार ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चना बीज को कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा बताए गए विधि के अनुसार लगाने पर अच्छी पैदावार होगी। उन्होंने बताया कि श्री विधि के माध्यम से किसानों को चना बोने से पहले नीम तेल को तीन मिलीलीटर के साथ एक लीटर पानी में चना को भिगोने के एक घंटे के बाद खेतों में बोना है। वहीं एटीएम प्रियंका कुमारी ने बताया कि किसानों को इस वर्ष समय से चना के बीज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि अपने खेतों में बीज समय रहते बो सके। मौके पर बीटीएम वरुण सिंह यादव, मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी प्रसाद, ललन साव, ललित राम, सत्येंद्र पाठक, राज देव राम, अनुज पांडेय, अजीत, अमेरिका साव, अजीज अंसारी, मुमताज अंसारी, संजीव पाठक, मनोज सिंह, योगेंद्र भुइयां, अरविंद सिंह, नयन सिंह समेत कई किसान मौजूद थे।

### वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने किया प्राचार्य को सम्मानित



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जनता शिवरात्रि के प्राचार्य राणाप्रताप सिंह को सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह में सम्मानित किया। इसी दौरान वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिलाध्यक्ष बिपिन यादव और जिला सचिव मोहित साहू द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि राणा प्रताप सर ने जनता शिवरात्रि महाविद्यालय का काया कल्प कर दिया। उन्हीं के नेतृत्व में हमारा जनता शिवरात्रि महाविद्यालय ने इतनी प्रगति की है। पूरे जिले में इसका नाम रौशन हुआ है। एक प्राचार्य के रूप में उनका कार्यकाल बहुत ही शानदार रहा है। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि राणा प्रताप हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन उनके उज्वल भविष्य की कामना करता है।

### सीएम से झामुमो ने किया यूपी सड़क दुर्घटना में आश्रितों की सहायता की मांग

**हुसैनाबाद पलामू।** राज्य के मुखिया हेमन्त सोरेन के पलामू आगमन के दौरान झामुमो युवा नेता व जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने मुलाकात कर हुसैनाबाद प्रखण्ड के ग्राम कचरा निवासी रामप्रीत बैठा के घर से एक ही परिवार से 7 लोगो एवं बिहार के समस्तीपुर के चालक समेत 8 लोगो के दर्दनाक हादसा और मौत पर ध्यानाकर्षण करवाया उन्होंने एक पत्र लिखकर मुख्यमंत्री सोरेन को देकर उनके परिवार में बचे आश्रितों को भरणपोषण व शिक्षा चिकित्सा के लिए तत्काल सरकारी सहायता और सरकारी नौकरी दिलाने का मांग किया। उन्होंने इस परिवार की व्यथा को व्यतीत करते हुए आग्रह किया है उस घर पर दुख का पहाड़ टूट गया हैं घर दोनो मुखिया व बच्चे समेत सभी का मौत हो चुकी हैं। विदित हो कि बीते सप्ताह दसहरा के समय हुसैनाबाद के एक घर की सभी 7 सदस्य एक ही गाड़ी में सवार होकर अपने नजदीकी रिश्तेदार के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।तभी यूपी के नोएडा यमुनाएक्सप्रे वे पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना हुई और गाड़ी में सवार चालक समेत 5 लोगो का घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी शेष तीन लोग दो चार दिनों के अंदर अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### विद्यार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी



**पाटन पलामू।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर पीएलबी रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी स्कूल से निकलकर विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर पुनः विद्यालय में आकर समाप्त हुआ। प्रभात फेरी के माध्यम से स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने लोगों को स्वच्छता व आत्मनिर्भर होने का संदेश दिया। साथ लोगों को हक व अधिकार के लिए जागरूक किया गया। प्रभात फेरी में प्रधानाध्यापक हरेंद्र कुमार सिंह, सहायक अध्यापक अखिलेश कुमार सिंह ,वार्ड सदस्य सोनी देवी एवं नागेश्वर भुईयां,अध्यक्ष रीमा देवी, संयोजिका कांति देवी, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह , विद्यालय के छात्र-छात्राएं व ग्रामीण शामिल थे।

# मुख्यमंत्री ने प्रमंडलीय रोजगार मेला में ऑफर लेटर का किया वितरण

# खेल बनेगा रोजगार का सुनहरा अवसर : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड लोहा, कोयला, बालू, अबरख के नाम से बदनाम हो चुका है। अब परंपरागत तरीके से राज्य को विकसित करने के लिए हुनर एवं खेल को बढ़ावा दिया जायेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। वे मंगलवार को पुलिस स्टेडियम में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेला ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के बाद से लेकर युवाओं को 20 वर्षों तक छलने का काम किया गया। आज वर्तमान सरकार राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी के अलावे विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार मुहैया करा रही है। इसके तहत कौशल विकास योजना से लोगों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें दक्ष बनाया जा रहा है। विभिन्न कंपनियों में युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार राज्य के बुजूर्ग, विधवा, दिव्यांग लोगों के साथ ही साथ गर्भ में पलनेवाले बच्चों की भी चिंता सरकार कर रही है। 30 हजार युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी दिया जा चुका है। सोरेन ने कहा कि सरकार यह कानून बनाई है कि झारखंड में गैर सरकारी संस्थाओं को 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी देना ही होगा। उन्होंने कहा कि देश का झारखंड पहला राज्य है जहां पर महिला हॉकी ट्राफी का आयोजन किया गया है।

जिसे पूरा देश ही नहीं पूरा विश्व देख रहा है। इससे झारखंड की पहचान विश्व के विभिन्न देशों में स्थापित हुआ है। झारखंड की बेटियां बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। आनेवाले समय में खेल को बढ़ावा देते हुए रोजगार का साधन बनाया जायेगा। सोरेन ने कहा कि झारखंड में सावित्री बाई फूले योजना के तहत नौ लाख छात्राओं को जोड़ा गया है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए सरकार मुख्यमंत्री गाड़ी योजना लागू करने कजा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य का प्रदेशांस केंद्र सरकार नहीं दे रही है। राज्य सरकार ने निश्चय किया है कि वंचित लोगो को अबुआ आवास के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से बेहतर आवास उपलब्ध कराया जायेगा।





### जनता का मिलेगा पुन: आशीर्वाद : आलम

संसदीय कार्य ग्रामीण व पंचायती राज विभाग के मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार सरकार आपके द्वार के तहत घर-घर जाकर लोगों की समस्या सुनने व उसका निराकरण करने का काम किया है। झारखंड की जनता से मिले आशीर्वाद व शक्ति के बदौलत सरकार ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में कई योजनाओं का क्रियान्वयन कराने का कार्य किया है। मंत्री श्री आलम ने कहा कि सभी प्रमंडल में प्रशिक्षण देकर रोजगार मेला का आयोजन कर ऑफर लेटर देने का काम कर रही है।

### मुख्यमंत्री को है झारखंड से जमीनी लगाव : रामचंद्र सिंह

मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन को झारखंड से जमीनी लगाव है। सिंह ने मुख्यमंत्री से पलामू प्रमंडल के लातेहार जिला अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक पलामू किला का जीर्णोद्धार कराने का आग्रह किया।

### कोरोनाकाल में भी नहीं रूकी विकास की गति : मंत्री सत्यानंद भोक्ता

झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सरकार अभियान चलाकर राज्य में लोगों को विकास व रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य के युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के बेरोजगार युवकों को एक हजार व युवतियों को 1500 रूपये प्रति माह प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना आपदा काल में भी राज्य में विकास की गति नहीं रूकी।

### मुख्यमंत्री का आयुक्त, आईजी, उपायुक्त, एसपी ने किया स्वागत





**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पलामू आगमन पर चियांकी हवाई अड्डा पर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। चियांकी हवाई अड्डा परिसर में मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे भी थे। मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता चियांकी हवाई अड्डा पहुंचे थे। मंत्रीद्वय को प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं उपायुक्त शशि रंजन आदि ने स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भड़का राजद, एसपी ने मनाया



**मेदिनीनगर।** पुलिस स्टेडियम में रोजगार मेला का आयोजन श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग के द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी मौजूद थे। इसमें पलामू राजद के कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिला और ना ही मंच पर जिलाध्यक्ष को बुलाया गया। इससे नाराज राजद के कार्यकर्ताओं ने विरोध करते हुए कार्यक्रम से उठकर जाने लगे। यह देखकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने स्थिति के नजाकत को समझते हुए सभी के बीच जाकर समझा-बुझाकर उन्हें शांत कराया और जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा को मंच पर सम्मानपूर्वक ले जाया गया। तब जाकर लोग शांत हुए। वहीं दूसरी ओर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी को स्वागत नहीं किया गया। इससे नाराज जिला परिषद के सदस्य व उपाध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल से निकल गये।

### प्रमंडल के लिए अविस्मरणीय दिवस : बैजनाथ राम

लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि आज का दिन प्रमंडल के लिए अविस्मरणीय दिवस है। एक माह के अंतराल में मुख्यमंत्री का प्रमंडल में दो बार आगमन हुआ है। प्रमंडल के युवाओं के लिए खुशी का दिन है।राम ने कहा कि सीएम झारखंड के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

### कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित

कौशल विकास विभाग के सचिव राजेश शर्मा, निदेशक सुनील कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, अजय कुमार, आलोक टूटी, सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण, जनसम्पर्क विभाग के उप निदेशक आनंद, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, झामूमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टु पाठक, राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी, सन्नु सिद्दिकी, रूद्र शुक्ला, बीससूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी शामिल थे।

# सम्मानित किए गये स्वतंत्रता सेनानी के वंशज एवं पंचायत प्रतिनिधि

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



स्वतंत्रता सेनानी कुलदीप सहाय के पुत्र डॉ विंध्याचल प्रसाद को मोमेंट देकर सम्मानित करते क्षेत्रीय प्रसार पदाधिकारी।

**नीलांबर पीतांबरपुर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय केंद्रीय संचार ब्यूरो भारत सरकार डालटेनगंज की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय लेस्लीगंज में कई कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम के तहत प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी रहे स्व कुलदीप सहाय के पुत्र डॉ विंध्याचल प्रसाद, पूणार्डीह के राजमुणि सिंह, मुखिया रेखा देवी, पूनम देवी, जूली सिंह, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल प्रसाद तथा पूर्व मुखिया मनोरंजन दुबे को मोमेंटो देखा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रसार पदाधिकारी गौतम पुष्कर ने कहा कि वर्ष 2014 में भारत सरकार ने सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरूआत की है।

राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्घाटन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर एक कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर किया था, जिसे नई दिल्ली में 'रन फॉर यूनिटी' के नाम से जाना जाता है। भारतीय इतिहास में सरदार पटेल के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए रन फॉर यूनिटी आयोजित का आयोजन किया जाता है। प्रधान अध्यापक अमरेश सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को उनके असाधारण कार्यों को हम सब याद कर मनाते है। स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

वहीं मासूम आठ ग्रुप के द्वारा एकता पर आधारित कई गीत संगीत पेश किए गए। बच्चों के बीच पेंटिंग, वॉलीबॉल, खो खो, क्विज तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संबंधित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से पुष्कर दिया गया।

### पति के देर से घर लौटने पर गर्भवती पत्नी ने आत्महत्या की

**हरिहरगंज पलामू।** मजदूर पति के देर से घर लौटने से नाराज पत्नी ने फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली। यह घटना सोमवार की रात की है। शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर एक स्थित रमेश राम के घर में रहने वाले किराएदार रामदीप कुमार राम की 19 वर्षीय पत्नी प्रिया कुमारी ने सोमवार की रात साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना के समय प्रिया गर्भवती थी। मृतका के पति ने इस घटना की सूचना हरिहरगंज थाना को दिया। सूचना मिलते ही एसआई अनूप कुमार, रेणुका टुडू, एएसआई संजय सिंह घटनास्थल पर जाकर शव को कब्जा में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का पति औरंगाबाद जिला के अंबा थाना अंतर्गत कसौटी गांव का रहने वाला है। वह 1 वर्ष पहले प्रिया से प्रेम विवाह किया था। साथ ही हरिहरगंज में किराया के मकान में रह कर मजदूरी करता है।

# बिश्रामपुर नगर परिषद ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

## कर्मियों ने देश की अखंडता व सुरक्षा का लिया शपथ



नगर परिषद कार्यालय परिसर में शपथ लेते नपकर्मी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम मे देश के दोनो महानविभूतियों को नमन किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि हमे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों-सिद्धांतों को अपने जीवन में अंगीकृत करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान नप अधिकारियों और कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सुरक्षा का शपथ दिलाया गया। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार सहित सभी नप अधिकारी कर्मचारी व स्वक्षता मित्र मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को किया याद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की। कांग्रेसियों ने दोनों नेताओं की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं विशिष्ट अतिथि भीम कुमार उपस्थित थे। डॉ उरांव ने कहा कि इंदिरा गांधी पक्का निर्णय के कारण आयरन लेडी के रूप में जानी जाती थी। देश की एकता-अखण्डता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को भी अपनाने की जरूरत है। कार्यक्रम में विजय चौबे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विमला कुमारी, सत्यानंद दुबे, विनोद तिवारी, शमीम अहमद, ईश्वरी प्रसाद सिंह, अशोक पासवान, सत्येंद्र सिंह, नदीम खान, नफीस खान, मिथिलेश सिंह, विद्या सिंह, सागर दास, मुकेश सिंह, घूरा तिवारी, राजेश चौरसिया, अभिषेक तिवारी, रुद्र शुक्ला, जितेंद्र, देवांग शुक्ला, मणिकांत सिंह, रंजीत, प्रमोद, उमेश यादव, रविंद्र, विनोद पाठक, धनंजय, बबलू आदि उपस्थित थे।

### जीसीपीए डिग्री कॉलेज में लौह पुरुष की जयंती मनाई गयी



**छतरपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सह राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह व उल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक, एवं शिक्षक प्रतिनिधि द्वारा कॉलेज के संस्थापक सचिव श्रधेय सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल, मां सरस्वती एवं लौह पुरुष के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का पंचम कुमार ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजकिशोर लाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत को एकजुट करने वाले व्यक्ति के रूप मे उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उपस्थित कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। परीक्षा नियंत्रक अमित कुमार सिंह एवं प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने भी उनकी जीवन को युवाओं का प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन योगेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

# भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है छतरपुर विधायक : रंजीत सिंह



**पाटन पलामू।** झामूमो के पाटन प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी स्वयं भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है। वे खुद अपनी गिरेबां में झांकें। विगत कुछ दिनों से विधायक के बयानों से लगता है कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। सिंह ने कहा कि विधायक को योजनाओं की जानकारी नहीं है कि कौन सी योजना राज्य सरकार की देन है और कौन योजना केंद्र सरकार की है। वे राज्य सरकार की योजनाओं को भी केंद्र सरकार की योजना कहकर जनता को दिग्भ्रमित करती है। महागठबंधन की सरकार व मुख्यमंत्री की लोकप्रियता व आगामी चुनाव में हार के डर से भाजपा के अधिकांश विधायकों का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। विधायक पुष्पा देवी भूल गई है कि उन्हीं के पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा विधायक निधि में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाया गया था। मुख्यमंत्री का दूसरे बार पलामू आना और कई योजनाओं का सौगात देना उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। आज जो प्रखंड आवासीय परिसर और स्कूल का शिलान्यास विधायक के द्वारा किया गया वह भी मुख्यमंत्री की ही देन है। विधायक झूठी वाहवाही लेने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार गरीब, किसानों व झारखंडियों की हितों के लिए कृत संकल्पित है। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, कमेश पांडेय, इश्तेखार अंसारी, नान्हू यादव, गौतम, अमरनाथ सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पटेल ने राष्ट्र के स्वतंत्रता में महती भूमिका निभाई : पूर्व विधायक

### सरदार पटेल की 148वी जयंती मनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**हुसैनाबाद पलामू।** देश के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई,पटेल की 148 जयंती मनाई गई। शहर के पटेल चौक पर स्थापित प्रतिमा के पर राजद प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, उषा देवी, रामेश्वर राम उर्फ छठन,छेदी खान, हैदरनगर बीससूत्री अध्यक्ष बिमलेश कुमार सिंह जाकिर अली उर्फ राज अली, राजकुमार कश्यप, डॉ एजाज आलम, सुदेश्वर राम, कामाख्या नारायण सिंह, वार्ड पार्षद उमा देवी समेत कई लोगो ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व पटेल विचार मंच के सचिव सूर्यनाथ राम पासवान और गौतम पटेल ने किया। इसके पश्चात स्थानीय पटेल भवन समक्ष, सरदार पटेल के जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन पत्रकार गौतम पटेल ने किया । सभा में पूर्व विधायक ने कहा कि सरदार पटेल देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। उन्होंने भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें भारतीय गणराज्य के संस्थापक पिता भी कहा जाता हैं। जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए देश के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई और एकीकृत भारत का निर्माण किया और एक मजबुत राष्ट्र बनाया। इससे पूर्व सभी लोगो को भारत की एकता व अखण्डता की सपथ दिलाया गया। वंही नगर अध्यक्ष शशी कुमार ने अपने संबोधन में उनके कार्य कुशलता को दृढ़ता को मजबूत बताया। रामेश्वर राम ने उनके जीवनी से सिख लेने की प्रेरणा दिया। उषा देवी ने कहा कि महिलाओं को भी जिम्मेदारी लेनी होगी तभी समाज का दशा व दिशा में परिवर्तन होगा ।जाकिर अली उर्फ राज अली ने भी संबोधित किया, उमा देवी ने धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की। मौके पर अजित चौधरी, प्रवीण चौधरी, प्रदीप पटेल, मोहित पटेल, राकेश पटेल, राहुल पटेल, नीतीश पटेल,प्रवीण पटेल,पवन पटेल, काजू पटेल, संतोष चौधरी, धीरेंद्र पटेल, दिनेश पासवान, शक्ति पासवान, दिनेश पासवान आदि कई लोगो ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका निभाया।

# देश के राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने की जरूरत : बलिराम शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद किया गया तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने बच्चो और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें न केवल भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए, बल्कि राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए जात-पात और धर्म से ऊपर उठ कर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग एक सौ छात्रों ने तीन किलोमीटर की दौड़ लगाई। इस दौड़ का उद्देश्य लोगों में एकता की भावना प्रबल करना था। दौड़ के लिए विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पांडेय ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर विद्यालय के शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल, विद्यालय प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय की खेल शिक्षिका निधि उपाध्याय द्वारा किया गया, जिसमें पंकज तिवारी, आर एन पाठक, राजकुमार शर्मा, कौशलेंद्र कुमार, राम प्रवेश पंडित ने सहयोग किया।

# हिजाब और चुनाव

कर्नाटक की पिछली सरकार द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं तथा परीक्षाओं में हिजाब पर लगाया प्रतिबंध मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हटा दिया है। चुनने की आजादी का हवाला देते हुए इस आशय के जारी आदेश के तहत बैन को हटाये जाने का हिन्दू संगठनों ने विरोध किया है जो कि अपेक्षित था। मुमकिन है कि यह विरोध और भी बढ़े परन्तु यह कदम सराहनीय है। उल्लेखनीय है कि 2021 में भारतीय जनता पार्टी सरकार की पिछली सरकार ने कर्नाटक के स्कूल-कॉलेजों और हर तरह की परीक्षाओं में हिजाब लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। पहले से हिन्दूवादी संगठन इसकी मांग कर रहे थे। कुछ मुस्लिम संगठन इसके विरोध में कर्नाटक हाईकोर्ट गये थे। वहां उनकी मांग न माने जाने के कारण उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी यह कहकर मांग को खारिज कर दिया था कि हिजाब इस्लामी संस्कृति का हिस्सा नहीं है। वहां के अल्पसंख्यक समुदाय को इससे घोर निराशा तो हुई थी, बड़ी संख्या में लड़कियों ने स्कूल-कॉलेज जाना तक छोड़ दिया था। इसका प्रारम्भ उडुपी जिले के एक शासकीय कॉलेज से हुआ था जहां 1 जुलाई, 2021 को यूनिफॉर्म लागू कर दिया था। अल्पसंख्यक लड़कियों ने इसे मानने से इंकार कर दिया था। 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के वोट प्रतिशत तो ज्यादा थे लेकिन सीटें कांग्रेस के 80 के मुकाबले भाजपा को ज्यादा मिलीं- 103। येदियुरप्पा सीएम बने पर बहुमत साबित न कर पाने से 6 दिनों में उन्हें कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। इसके बाद कांग्रेस व जेडीएस ने मिलकर सरकार बनाई जिन्होंने मिलकर चुनाव लड़ा था। इस मामले की जमकर राजनीति हुई और अन्ततः फिर से कर्नाटक में हिजाब को अनुमति दे दी गयी है।

# सलाह पर बहस

इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने कहा कि चीन से मुकाबला करने के लिये हर युवा को सप्ताह में 70 घंटे काम अवश्य करना चाहिये। यह परामर्श उन्होंने इंफोसिस के ही एक पूर्व सीएफओ मोहनदास पई से एक यूट्यूब शो पर बातचीत के दौरान दिया। कई कारोबारियों ने इसका समर्थन किया है। बड़ी संख्या में ऐसे भी उद्यमी व प्रबन्धन सलाहकार हैं जिन्होंने इसे अमानवीय करार देते हुए इसका विरोध किया है। उनकी सलाह ऐसे समय में आई है जबकि विश्व भर में कर्मचारियों पर से काम का बोझ घटाने तथा उन्हें अपने व परिवारजनों के साथ समय बिताने के लिये अधिक प्रेरित किया जा रहा है। जैसे-जैसे प्रबन्धन अधिक वैज्ञानिक एवं मानवीय होता गया और नई शोधें सामने आईं, यह पाया गया कि संतुष्ट कर्मचारी अधिक उत्पादन करता है। तभी से लोगों के काम के घंटे घटाये जाने लगे, उन्हें कार्य स्थल से बाहर सुविधाएं दी जाने लगीं। आज आदर्श कार्य पद्धति (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रेक्टिसेस- एसओपी) कर्मचारियों को निचोड़ने में नहीं वरन उन्हें बेहतर वातावरण प्रदान करने में भरोसा करती है। तीसरी दुनिया के ज्यादातर और तानाशाही शासन प्रणाली वाले देशों को छोड़ दिया जाये तो लोगों से दुनिया में कहीं भी इतना काम लेने की परम्परा नहीं है और न ही नियम हैं। डेनमार्क, आस्ट्रिया, नार्वे, फिनलैंड जैसे देशों में अधिकतम 31 घंटे काम लिया जाता है और वे सबसे अधिक उत्पादकता वाले देश हैं। वहां सप्ताह में 5 दिन ही काम करने का रिवाज है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा तथा यूरोपीय देशों में भी अधिकतम 41 घंटों का चलन है।भारत में सीएसआर केवल 4 प्रतिशत है। जबकि अमेरिका में 9 प्रतिशत है। भारत में निजी क्षेत्र, असंगठित क्षेत्र कम वेतन पाने वाला में काम करनेवाले भारी शोषण के शिकार हैं।

# ज्ञान-श्रम का संयोग

विचार-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**मनोबल** का विकास ही साहस, सूझ-बूझ, कुशलता, कलाकारिता, योग्यता का प्रतीक है, किंतु केवल बौद्धिक योग्यता ही मनुष्य को पूर्णतया संतुष्ट नहीं कर पाती। हृदय और उसके उद्गार ही ऐसे हैं, जिनकी आवश्यकता मनुष्य ही नहीं, साधारण जीवधारियों को भी होती है। प्रेम, स्नेह, वात्सल्य, सौजन्य, श्रद्धा, निष्ठा, आस्था का स्थान मनुष्य जीवन में मानसिक शक्तियों से भी अधिक है। पढ़े-लिखे व्यक्ति यदि हृदय हीन हैं तो अपार संपत्ति और सफलता होने पर भी उनका व्यक्तिगत जीवन दुखी रहता है, पर जिन लोगों के जीवन में प्रेम, ममत्व, आत्मीयता, विश्वास की भावनाएँ होती हैं, वे अनपढ़ होने पर भी बड़े प्यारे लगते हैं। बहुत से अशिक्षित व्यक्तियों के कौटुंबिक, दांपत्य और सामाजिक संबंध बड़े मधुर होते हैं। यह सब हृदय का ज्ञान कहलाता है, उसकी आवश्यकता बौद्धिक ज्ञान से अधिक है। सांसारिक दृष्टि से दोनों ही आवश्यक हैं। जिसको उनका एक सम्मिलित रूप दिया गया है, शास्त्रकार उसे 'विद्या' कहते हैं।

आधुनिक शिक्षा केवल शिक्षा है, विद्या नहीं, जबकि जीवन के अधिकतम विकास और संतुष्टि के लिए उभयनिष्ठ स्थिति आवश्यक है। हम जो ज्ञान प्राप्त करें, वह बुद्धि विकास के साथ-साथ आत्मविकास का भी माध्यम होना चाहिए। मनुष्य-जीवन नगण्य-सी ऐसी तुच्छ वस्तु नहीं है, जिसे हलकी दृष्टि से देखा जाए और हलके कार्यों में खर्च कर दिया जाए। यह निरंतर प्रगति और निरंतर तप का परिणाम है। उसके मूल्य और महत्त्व को समझना चाहिए। यह सोचा जाना चाहिए कि इस सुअवसर का लाभ किस प्रकार उठाया जाए।

# अमरत्व का संधान है संस्कृत भाषा




**अंग्रेजी** आग्रही लोगों के लिए शुभ सूचना नहीं है। लेकिन संस्कृत प्रेमी प्रसन्न हैं। लिथुआनिया यूरोप का विकसित और समृद्ध देश है। उत्तर-पूर्वी यूरोप में बाल्टिक सागर के किनारे स्थित यह देश संप्रति संस्कृत भाषा के आकर्षण में है। जर्मन विद्वान मैक्समूलर संस्कृत और ऋग्वेद पर मोहित थे ही। विलियम जोन्स भी संस्कृत प्रेमी थे। अब लिथुआनिया ने विश्वास प्रकट किया है कि इसकी भाषा और संस्कृति का जुड़ाव भारत की भाषा संस्कृत से है। लिथुआनिया में संस्कृत के विद्वान विटिस विदुनस भारत आए हैं। वे विल्नियस यूनिवर्सिटी के एशियन एवं बहुसांस्कृतिक अध्ययन विभाग में प्रतिष्ठित विद्वान हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक भाषण दिया है। उन्होंने भारत और लिथुआनिया में भाषाई समानता के तथ्य सामने रखे। लिथुआनिया आगे शोध करना चाहता है। कार्यक्रम में भारत लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविसीन भी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि संस्कृत, लिथुआनियाई भाषा की करीबी बहन है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में लिथुआनिया के दूतावास ने देशभर में दोनों भाषाओं के सम्बंधों की पहचान के लिए प्रयास प्रारम्भ किए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों भाषाओं की समानताएं शब्दावली तक ही सीमित नहीं है। व्याकरण की संरचना में भी समानताएं हैं।

भारत में ज्ञान, विज्ञान, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद, धनुर्वेद, नाटक, संगीत, कला, योगदर्शन और अनुभूति की भाषा संस्कृत है। पाली प्राकृत और अपभ्रंश होते हुए हिन्दी का विकास हुआ। अनेक भाषा विज्ञानी विकास क्रम में भिन्न मत भी रखते हैं। लेकिन प्राकृत के वैयाकरण वररूचि ने लिखा है 'प्रकृतिः संस्कृंत/तस्मादुदभूतं प्राकृतं।' संस्कृत प्रकृति है। प्राकृत उसी से प्रकट हुई है। भारतीय संस्कृति का विकास और कथन संस्कृत में हुआ था। हिन्दी ने उसे आगे बढ़ाया। संस्कृत को मृतभाषा कहने वाले मित्र दयनीय हैं। भाषा कभी नहीं मरती। उसे बोलने वाले ही भाषा प्राणतेज रहित होते हैं। हिन्दी संस्कृत की उत्तराधिकारी है। बेशक विदेशी सत्ता ने संस्कृति व संस्कृत को दुर्बल बनाया लेकिन संस्कृत को मिटाया नहीं जा सकता। संस्कृत अमरत्व का संधान है।

यूरोपीय सभ्यता का केन्द्र ईसाईयत है। ईसाईयत का विरोध या ईसाईयत की निकटता दोनों परस्पर पूरक हैं। भारतीय सभ्यता सोच विचार और चिन्तन का केन्द्र वैदिक दर्शन है। वैचारिक विविधता तर्क प्रतितर्क और सतत शोध इस संस्कृति की प्रकृति है। संस्कृत हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में शोध और बोध की विरासत है। अंग्रेजी ऐसी अनुभूति नहीं देती। लेकिन भारत में अंग्रेजी की ठसक है। अनेक हिन्दी विद्वान भी अंग्रेजी को अंतरराष्ट्रीय भाषा मानते हैं। गांधी जी हिन्दी लिखने बोलने में कठिनाई अनुभव करते थे। उन्होंने समर्थकों से कहा था 'अंग्रेजी की कोई जरूरत नहीं। वायसराय से भी अपनी भाषा में बात करो।' बंकिम चन्द्र भारतीय भाषाओं के प्रेमी थे। उन्होंने लिखा, 'हम चाहे कितनी ही अंग्रेजी लिख पढ़ लें, अंग्रेजी हमारे लिए मरे हुए शेर की खाल ही सिद्ध होगी। हम उसे पहनकर सिंह गर्जना नहीं कर सकते।' अंग्रेजी ने हम सबके भीतर आत्महीन भाव पैदा किया है। अंग्रेजी संस्कारों के कारण ही हम वास्तविक इतिहास बोध से दूर हैं। स्वाधीनता संग्राम के समय अंग्रेजी प्रतीकों से भारत की टक्कर थी।

संस्कृत और हिन्दी व अन्य भारतीय भाषाओं की समृद्धि समय का आह्वान है। संविधान सभा में पं. नेहरू ने भी स्वीकार किया था कि संस्कृत भारत ही नहीं एशिया के बड़े क्षेत्र में विद्वानों की भाषा थी। आज संस्कृत की स्थिति वैसी नहीं है। संस्कृतविद् प्रायः आधुनिकता की अपेक्षा से दूर है और आधुनिकता प्रेमी संस्कृत से। संस्कृत आधुनिक विज्ञान, तकनीकी, उद्यम और प्रबोधन की भाषा भी हो सकती है। प्राचीन भारत का सारा ज्ञान विज्ञान, हर्ष विषाद और प्रसाद प्रकट करने वाली भाषा आखिरकार आधुनिक जगत की लोकप्रिय भाषा क्यों नहीं हो सकती? चुनौती बड़ी है। संस्कृत जैसा पूर्ण अनुशासन किसी भी भाषा में नहीं है लेकिन संस्कृत कालवाह्य घोषित हो रही है। हम विशिष्ट संस्कृति के कारण ही विश्व के अद्वितीय राष्ट्र हैं। संस्कृति और संस्कृत परस्पर एक हैं। संस्कृत और संस्कृतिनिष्ठ नया वातावरण बन रहा है। यह प्रसन्नता का विषय है।

भारत में संस्कृत ही प्रार्थना की भाषा है। विवाह और अन्य संस्कारों की भी। इसी तरह मुस्लिम मित्रों के यहां संस्कार आदि की भाषा अरबी है। रोमन कैथोलिक में लैटिन है। यहूदियों में हिब्रू है। आथोर्डाक्स ईसाई ग्रीक का प्रयोग करते हैं। भिन्न-भिन्न सभ्यताओं में प्रार्थना और संस्कार की भाषाएं भिन्न-भिन्न हैं। हरेक भाषा के संस्कार होते हैं। वैदिक भाषा के अपने संस्कार हैं। वैदिक समाज ने इसी भाषा को संवाद का माध्यम बनाया था। उन्होंने इसी भाषा माध्यम को समाज गठन का उपकरण भी बनाया। इसी भाषा से दैनिक जीवन के कामकाज भी किए और इसी भाषा के माध्यम से सूर्य, चन्द्र, नदी, पर्वत और वनस्पति आदि से भी संवाद बनाया। यज्ञ कर्मकाण्ड में भी इसी भाषा का प्रयोग होता।

अभिनय कला भारत में ही विकसित हुई। भरत मुनि ने संस्कृत में उसे नाट्य शास्त्र बनाया। इसे नाट्यवेद की संज्ञा मिली। दर्शन भारत में देखा गया। द्रष्टा ऋषि कहे गये। 'अर्थशास्त्र' संस्कृत में ही उगा पहली बार। कौटिल्य ह्यअर्थशास्त्रह्न के प्रथम प्रवक्ता हैं। आयुर्विज्ञान भी संस्कृत में प्रकट हुआ। ज्ञान विज्ञान और कला कौशल सहित राष्ट्रजीवन के सभी अनुशासन संस्कृत में ही प्रवाहमान हुए। सामूहिक हुए। एक से अनेक हुए। अनेक से एक हुए। संस्कृत ने एक संस्कृति दी और एक संस्कृति ने एक राष्ट्र। भतृहरि ने 'शब्द और अर्थ के सभी संकल्पों और विकल्पों को व्यवहारजन्य ही बताया था। आस्था ही नहीं इहलौकिक कर्मो के संधान का उपकरण भी संस्कृत ही है।

संधान जैसा शब्द दूसरी भाषा में नहीं है। अनुसंधान इसी का छोटा भाई जान पड़ता है। संस्कृत में उल्लेखनीय अनुसंधान हुए हैं। भारत विरोधी मित्र संस्कृत को 'डेड लैंगुएजह्न कहते हैं। विलियम जोन्स ने संस्कृत को लैटिन आदि अनेक भाषाओं से समृद्ध बताया था।



-हृदयनारायण दीक्षित

> लिथुआनिया यूरोप का विकसित और समृद्ध देश है। उत्तर-पूर्वी यूरोप में बाल्टिक सागर के किनारे स्थित यह देश संप्रति संस्कृत भाषा के आकर्षण में है। जर्मन विद्वान मैक्समूलर संस्कृत और ऋग्वेद पर मोहित थे ही। विलियम जोन्स भी संस्कृत प्रेमी थे। अब लिथुआनिया ने विश्वास प्रकट किया है कि इसकी भाषा और संस्कृति का जुड़ाव भारत की भाषा संस्कृत से है।

खास बात

## शांति के पक्ष में भारत की अनुपस्थिति

**सुरक्षा** परिषद के कई असफल प्रयासों के बाद आखिरकार संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस्त्राइल-हमास संघर्ष पर रोक लगाने के आह्वान का प्रस्ताव पारित कर दिया। जिसके पक्ष में 120 व विरोध में 14 वोट पड़े। जबकि अनुपस्थित रहने वाले देशों की संख्या 45 रही। भारत को छोड़कर सभी दक्षिण एशियाई देशों ने गाजा युद्धविराम के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। इतना ही नहीं ग्यारह सदस्यीय ब्रिक्स प्लस समूह में भारत एकमात्र ऐसा देश रहा, जिसने मतदान में भाग नहीं लिया। निस्संदेह, यह प्रस्ताव गैर-बाध्यकारी है। लेकिन इसका अपना राजनीतिक महत्व है। जो फलस्तीन के मुद्दे पर अमेरिका व इस्त्राइल के अलगाव को दर्शाता है। भारत की विदेश नीति का इतिहास बताता है कि हमने ऐसे हर प्रस्ताव पर अधिकांश देशों के साथ युद्ध रोकने के लिये मतदान किया। भले ही भारत आतंकवाद के मुद्दे पर अपना बीच का रास्ता चुनने का दावा कर सकता है, लेकिन इससे उसकी फलस्तीन को लेकर चली आ रही दीर्घकालिक नीति को चुनौती मिलती है। सरकार की तरफ से आधिकारिक स्पष्टीकरण था कि भारत चाहता है कि प्रस्ताव के पाठ में हमास का विशेष रूप से उल्लेख किया जाए। लेकिन यह स्पष्ट है कि फलस्तीनी लोग एक बड़ी त्रासदी झेल रहे हैं। इस महीने उनके आठ हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और बीस लाख जीवन के लिये संघर्ष कर रहे हैं। निस्संदेह, वे सभी हमास का प्रतिनिधित्व नहीं करते। जाहिरा तौर पर अमेरिका व उसके साझेदारों का सीधे विरोध न करने की भारत की नीति के निहितार्थ हैं। जिसके मूल में अपने व्यापार का विस्तार, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी की खरीद तथा चीन के दबाव का मुकाबला करने के लिये पश्चिमी देशों की मदद लेने की रणनीति ही है। लेकिन ध्यान रहे कि धीरे-धीरे गाजा का संकट घातक दौर की ओर बढ़ रहा है। कालांतर में इसकी चपेट में दुनिया के दूसरे देश भी आ सकते हैं। निस्संदेह, गाजा का युद्धविराम ही दुनिया को युद्ध के घातक परिणामों से बचा सकता है।बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र महासभा में जॉर्डन द्वारा रखे गये युद्धविराम के प्रस्ताव से भारत के अनुपस्थित रहने ने कई सवालों को जन्म दिया है।

**नाभिकीय** ऊर्जा पर चुनौतीपूर्ण अनुसंधान आरंभ कर भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने वाले आर्किटेक्ट ऑफ इंडियन एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम' के नाम से लोकख्यात महान वैज्ञानिक और अभियंता डॉ. होमी जहांगीर भाभा की जन्म जयंती पर भावपूर्ण स्मरण।


**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

आपके ट्वीट

**दीवाली** हो या छठ
आप जरूर करें हठ
वोकल फॉर लोकलर
की!
देशी उत्पादों को दें बढ़ावा,दिखाएं देशी का दम,आत्मनिर्भर भारत के लिए बढ़ाएं अपना कदम!!

**– अन्नपूर्णा देवी**





**जीवन** को जानना
एक खोज है, उसे कुछ
भूल-भटककर ही जाना
जा सकता है ।
कभी पश्चात्ताप के स्वर
में मैंने भी कहा था , जीवन भूल का
इतिहास है।

**– अमिताभ बच्चन**

# वैचारिक भाव-भूमि के प्रसंग

सामयिक

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

चित्रकूट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जगतगुरु रामभद्राचार्य की भेंट के चित्र ऐसे ही हैं। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी को श्रीराम मंदिर अयोध्या के लोकार्पण का आमंत्रण दिया गया। इसके बाद शुक्रवार को चित्रकूट में मोदी और रामभद्राचार्य की मुलाकात हुई। यह विलक्षण संयोग है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने में इन दोनों महानुभावों का योगदान उल्लेखनीय है। हमारे संतों ने कहा है कि चित्रकूट सब दिन बसत प्रभु सिया लखन समेत अर्थात चित्रकूट में प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ नित्य निवास करते हैं।

उन्होंने चित्रकूट में कांच मंदिर (श्री रघुवीर मंदिर) में दर्शन-पूजन किया। प्रधानमंत्री ने नए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया। चित्रकूट में अरविंद भाई मफतलाल की सौवीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन पर आधारित डाक टिकट जारी किया। रामभद्राचार्य ने श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर के संबंध में 400 से अधिक प्रमाण सुप्रीम कोर्ट को दिए थे। उन्होंने प्राचीन ग्रंथों के प्रामाणिक उद्धरण प्रस्तुत किये थे। रामभद्राचार्य ने दावे के साथ कहा था कि वाल्मीकि रामायण के बाल खंड के आठवें श्लोक से श्रीराम जन्म के बारे में जानकारी शुरू होती है। यह सटीक प्रमाण है। इसके बाद स्कंद पुराण में राम जन्म स्थान के बारे में बताया गया है। राम जन्म स्थान से तीन सौ धनुष की दूरी पर सरयू माता बह रही हैं। एक धनुष चार हाथ का होता है। आज भी यदि नापा जाए तो जन्म स्थान से सरयू नदी उतनी ही दूरी पर बहती दिखेंगी। अथर्व वेद के दशम कांड के इकतीसवें अनु वाक्य के द्वितीय मंत्र में स्पष्ट कहा गया है कि आठ चक्रों व नौ प्रमुख द्वार वाली श्री अयोध्या देवताओं की पुरी है। उसी अयोध्या में मंदिर महल है। उसमें परमात्मा स्वर्ग लोक से अवतरित हुए थे। ऋग्वेद के दशम मंडल में भी इसका प्रमाण है। तुलसी शतक में कहा गया है कि बाबर के सेनापति व दुष्ट यवनों ने राम जन्मभूमि के मंदिर को तोड़कर मस्जिद का ढांचा बनाया और बहुत से हिंदुओं को मार डाला। तुलसीदास ने तुलसी शतक में इस पर दुख भी प्रकट किया है। मंदिर तोड़े जाने के बाद भी हिंदू साधु रामलला की सेवा करते थे। इस पूरे प्रसंग से रामभद्राचार्य जी की विलक्षण प्रतिभा का अनुमान लगाया जा सकता है। उनका अध्ययन अद्भुत है। इसी के साथ वह समाज के कल्याण में भी समर्पित हैं।

जिस शिशु की दो माह बाद ही नेत्र ज्योति चली जाए, उसके लिए जीवन अंधकारमय हो जाता है।

प्रबल इच्छाशक्ति के साथ उन्होंने अभाव को प्रभाव में बदल दिया। आंखें न होने के बाबजूद अपना जीवन प्रकाशित किया, साथ में समाज को भी रोशनी दिखाई। रामभद्राचार्य ऐसी ही विभूति हैं। नेत्र ज्योति चली जाने से उनके परिवार में चिंता व निराशा थी। शिशु के भविष्य को लेकर बड़ी आशंका थी। तब किसी ने यह कल्पना नहीं की होगी कि एक दिन यह बालक समाज को मार्ग दिखायेगा। श्रीराम भूमि पर उनके तर्क अकाट्य थे। सभी लोग उनके अध्ययन व ज्ञान को देखकर हतप्रभ थे। भारतीय दर्शन व प्रज्ञा का चमत्कार प्रभावित करने वाला था।

ज्ञानचक्षु जीवन आलोकित हो जाता है। इसे प्रत्यक्ष देखा जा रहा था। अति विशाल भारतीय वैदिक वांग्मय के अलावा अन्य सभी ग्रन्थों की पृष्ठ संख्या तक उनकी स्मृति में थी। उन्होंने इस विलक्षण ज्ञान को अपने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि समाज का भी वह अनवरत मार्गदर्शन कर रहे हैं। विद्या का सतत दान कर रहे हैं। वह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति है। इस रूप में वह विद्यार्थियों को शिक्षित करते हैं।

कार्टून वर्ल्ड

पृथ्वी की बिगड़ती हालत...




कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

लेटर टू एडिटर

### सकारात्मक बनें

**इस** बार कोरोना अपने नव्य और ज्यादा रौद्र रूप में तेजी से फैल भी रहा है। लोग लापरवाही की सरहद को लांघ रहे हैं। असल दर्द तो उनका है, जिन्होंने इस संकट में अपनों को खो दिया। अब स्वदेशी वैक्सीन के आने से आशा की दीप्ति नजर आई है। इस वक्त हर उम्र के व्यक्ति के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व संवेदनशील रहने की जरूरत है। **-रवि, कोडरमा**

### आम का निर्यात

**चालू** वित्त वर्ष के शुरूआती 5 महीने में 47.98 अरब डॉलर के 27,330 टन आम का निर्यात किया है। यही मोटे तौर पर देश में आम का सीजन होता है। आम निर्यात 19 प्रतिशत बढ़ा है। आम का सीजन अप्रैल अगस्त तक चलता है। विश्व में आम के प्रमुख निर्यात केंद्रों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, पश्चिम अफ्रीकी देश जैसे कतर, संयुक्त अरब अमीरात व अन्य देश शामिल हैं। **-पिंकी, रांची**

# डॉक्टरों पर हमला करने वालों को भेजो जेल

सामयिक

आर.के. सिन्हा

पिछले दिनों राजधानी में सैकड़ों डॉक्टर राजघाट पर एकत्र हुए। ये वही डॉक्टर हैं, जो जानलेवा कोरोना की दूसरी लहर के समय भगवान के दूत बनकर रोगियों का इलाज कर रहे थे। लेकिन, अब ये डरे-सहमे हुए हैं। इनके डर की वजह यह है कि इन पर होने वाले हमलों और दुर्व्यवहार के मामलों की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है । केन्द्र सरकार से यह मांग कर रहे हैं कि वो तुरंत ही कोई सख्त कानून लेकर आए ताकि डॉक्टर बिना किसी भय भाव के काम सकें। फिलहाल तो डॉक्टरों पर हमले लगातार बढ़ते ही चले जा रहे हैं। आप स्वयं गूगल करके देख लें। आपको डॉक्टरों पर हमलों के अनगिनत मामले मिलेंगे। बेशक, डाक्टरों के साथ बदतमीजी या मारपीट करना किसी भी सभ्य समाज में सही नहीं माना जा सकता। इसकी भरपूर निंदा तो होनी ही चाहिए और जो इस तरह की अक्षम्य हरकतें करते हैं, उन्हें कठोर दंड भी मिलना चाहिए। बेशक, देशभर में हजारों-लाखों निष्ठावान डॉक्टर हैं। वे रोगी का पूरे मन से इलाज करके उन्हें स्वस्थ करते हैं। आपको पटना से लेकर लखनऊ और दिल्ली से मुंबई समेत देश के हरेक शहर और गांव में सुबह से देर रात तक कड़ी मेहनत करते हुए हजारों डॉक्टर बंधु मिल जाएंगे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल भी राजघाट तक के मार्च में शामिल थे। उनकी मांग है कि डॉक्टरों पर हमले करने वालों पर पांच लाख रुपये तक का जुमार्ना और तीन साल तक की कैद हो। ये सारे कदम इसलिए उठाए जाने की जरूरत है ताकि डॉक्टरों पर हमले करने के बारे में कोई सपने में भी न सोचे। ड़ॉ. विनय अग्रावल कोरोना काल में किसी फरिश्ते की तरह कोरोना की चपेट में आए लोगों को अस्पताल में बेड दिलवा रहे थे। यह उन दिनों की बातें हैं जब कोरोना के रोगियों के संबंधी अस्पतालों में बेड तलाश रहे थे। निश्चय ही उस डरावने दौर को याद करते ही दिल बैठने लगता है जब कोरोना के कारण प्रलय वाली स्थिति बन गई थी। तब कोरोना के रोगियों के इलाज करने के लिए सिर्फ डॉक्टर और उनका स्टाफ ही सामने आ रहे थे। उस भयानक दौर में डॉ. विनय अग्रवाल और उनके साथी डॉक्टर दिन-रात रोगियों का इलाज कर रहे थे। उन्होंने उस दौरान सैकड़ों कोरोना रोगियों के लिए बेड की व्यवस्था करवाई थी। आज वे ही डॉक्टर अपनी जान की रक्षा करने के लिए सरकार से गुजारिश कर रहे हैं। यह वास्तव में बेहद दुखद स्थिति है।

आप कभी राजधानी में देश के चोटी के डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल यानी आरएमएल में जाइये। वहां की इमरजेंसी सेवाओं में हर समय करीब एक दर्जन बलिष्ठ भुजाओं वाले बाउंसर तैनात मिलते हैं। यहां पर मरीजों के दोस्तों और रिश्तेदारों के डॉक्टरों के साथ कई बार हाथापाई करने के बाद अस्पताल मैनेजमेंट ने बाउंसरों को तैनात कर दिया है। जब से यहां पर बाउंसर रहने लगे हैं तब से अस्पताल में शांति है। वरना तो लगातार डॉक्टरों के साथ बदसलूकी और मारपीट के मामले सामने आते थे। कई बार डॉक्टरों को इलाज में कथित देरी या किसी अन्य कारण के चलते कुछ सिरफिरे लोग मारने-पीटने भी लगते थे। यहां पर कुछ महिला बाउंसर भी हैं। याद रख लें कि अगर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भी डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं तो फिर बाकी जगहों की बात करना बेकार है। इस अस्पताल में सरकारी बाबुओं से लेकर देश के सांसदों और मंत्रियों तक का इलाज होता है। कोरोना काल में यहां के डॉक्टरों ने अनगिनत लोगों की जान बचाई


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# झोला छाप डॉक्टर के गलत इलाज से युवक के हाथ का कटा चारो अंगुली

## मामले की होगी जांच, दोषी पाये जाने पर होगी कार्रवाई : चिकित्सा प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी ।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित तथाकथित डॉक्टर ने एक युवक का गलत इलाज कर उसे इंजेक्शन दिये जाने से हाथ में गैंगरीन हो गया। जिसके बाद उसकी पूरी हथेली काटनी पड़ गई। पीड़ित युवक नेमधारी सिंह भोगता (20 )वर्ष पिता बुधन सिंह भोगता कटकमसांडी थाना क्षेत्र के नचले गांव का निवासी है।पीड़ित युवक नेमधारी सिंह भोगता ने बताया कि हजारीबाग में रहकर पढ़ाई करता था।दुर्गा पूजा की छुट्टी में घर आया था।घर आने पर उसे सर्दी और बुखार हो गया। इलाज करने के लिए कटकमसांडी चौक स्थित तथाकथित डॉक्टर के अधिकारी उर्फ कार्तिक चंद्र अधिकारी के क्लिनिक में गया था। इस क्रम में उसने सर्दी बुखार का टैबलेट देने की गुजारिश की।इस पर तथाकथि डॉक्टर ने उसे कहा कि टेबलेट से जल्दी ठीक नही होगा तुम्हें इंजेक्शन दे देता हूँ जिससे जल्द ठीक हो जाओगे।इसके बाद उन्होंने दाहिने हाथ के नस में इंजेक्शन लगा दिया।इंजेक्शन लगाते ही हाथ में तेज जलन होने की शिकायत की।तभी उन्होंने कहा कि दवा हार्ड है इस लिए जलन हो रहा है। कुछ घंटे में ठीक हो जायेगा। हम घर वापस आ गए।वापस आने के बाद दूसरे दिन हथेली में सूजन आ गया और जलन होने लगी।इसपर उन्होंने पुनः दूसर दिन दर्द का टेबलेट दिया और कहा ठीक हो जायेगा।नेमधारी ने यह भी बताया कि तीसरे दिन एक अंगुली काली पड़ गयी। चार दिनों में पूरा हथेली काला पड़ गया और जलन से परेशान होकर पुनः उनके पास गया। तभी तथाकथित डॉक्टर ने हमें दूसरे डॉक्टर के पास रांची ले गया। जिसके बाद वहां उस डॉक्टर ने जांच के बाद हाथ मे गैंगरीन हो जाने की बात कहा और तुरंत हथेली काटने की सलाह दिया।ऐसा नही करने पर पूरा हाथ काटना पड़ेगा।जिसकै बाद मेरी हथेली काट दिया गया।



**"इलाज में त्रुटि होने चार अंगुली काटना पड़ा । नेमधारी सिह भोक्ता के जीवन यापन के लिए 20 लाख रुपये दूंगा।**
**कार्तिक चन्द्र अधिकारी, कथित चिकित्सक कटकमसांडी**

**युवक जिंदगी हुआ अंधकारमयः** हथेली कट जाने से नेमधारी सिंह भोक्ता का पूरा जिंदगी अंधकार में हो गया है। नेमाधारी ने बताया कि दाहिने हाथ की हथेली कट जाने के वह अब न तो कलम पकड़ सकता है और न ही अन्य कार्य कर सकता है।वह पूर्ण रूप से विकलांग हो गया है। वर्तमान में वह मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स हजारीबाग में बीए सेमेस्टर ट६ का छात्र है और हजारीबाग में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहा था।इस घटना से उसकी पूरी जिंदगी तबाह हो गई है।

# रामगढ़ के डीसी ने दिलाई देश सेवा और सद्भावना की शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 178वीं जयंती को रामगढ़ पुलिस प्रशासन ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने परेड मार्च पास्ट का आयोजन किया। सुभाष चौक से आयोजित मार्च पास्ट मेन रोड, थाना चौक होते हुए पुलिस लाइन पहुंची। पुलिस लाइन में डीसी चंदन कुमार की मौजूदगी में परेड का आयोजन हुआ। इस दौरान डीसी चंदन कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों, स्काउट एंड गाइड के कैडेट, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र-छात्राओं को देश सेवा और सद्भावना की शपथ दिलाई। इस परेड मार्च पास्ट में रामगढ़ पुलिस की चार टुकड़ियां, एनसीसी बैंड, गांधी स्मारक प्लस टू हाई स्कूल के बच्चे, स्काउट एंड गाइड कैडेट, कस्तूरबा गांधी विद्यालय का



बैगपाइपर बैंड आदि शामिल थे। इस अवसर पर एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, डीएसपी हेडक्वार्टर संजीव कुमार मिश्रा, प्रशिक्षु डीएसपी फैजल अहमद, शार्जेंट मेजर मंटू यादव, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, मेजर किशोर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। उपायुक्त चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों,

**550 रियासतों को वल्लभ भाई पटेल ने किया था एक : डीसी**

अधिकारियों आदि ने कांके बार स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण का श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उपायुक्त ने सभी को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दी। भारत की आजादी के समय देश लगभग 550 से ज्यादा रियासतों में बंटा हुआ था। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सभी रियासतों को देश में मिलाने के लिए कार्य किया। इसी कारण उन्हें महात्मा गांधी ने लौह पुरुष की उपाधि दी थी। आज का दिन हम सभी के लिए एक प्रेरणा लेने का दिन है। पटेल का मानना था कि किसी भी कार्य के दौरान हम सबसे पहले अपने राष्ट्र को रखें एवं एकता के साथ देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## झामुमो नेता चंदन सिंह ने संकायाध्यक्ष के पद को लेकर वीसी को लिखा पत्र

**हजारीबाग।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता चंदन सिंह ने कुलपति को पत्र लिख कर बताया कि मिथलेश



कुमार सिंह के द्वारा विभाग से लियेन लेने के बाद भी विभाग में संकाय अध्यक्ष बने हुए हैं। पत्र में चंदन सिंह ने लिखा है कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारी मिथलेश कुमार सिंह जो तत्काल में डीन,प्रोक्टर और छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष के पद पर हैं ने अपने विभाग से लियेंन ले कर प्रोक्टर के पद पर काबिज हुए थे। विवि के पत्रांक संख्या 1319 दिनांक 28/04/23 के माध्यम से इन्हें विभाग से लियरन दिया गया था। विभाग से लियेन लेने के पश्चात भी ये डीन बने रहे।इस मामले में उन्होंने वरीय पदाधिकारियों और राजभवन को भी धोखे में रखा। चंदन सिंह ने अनुरोध किया है कि इस विषय पर विवि अधिनियम के तहत उचित कार्रवाई करें।

## एला एंग्लाइज विद्यालय में एकता दौड़

**भुरकुंडा (रामगढ़)** एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंगलवार को एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एकता दौड में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका और बच्चों ने हिस्सा लिया।

एकता दौड़ विद्यालय प्रांगण से निकलकर फोरलेन के रास्ते मतकमा चौक, बिरसा चौक होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण पहुंचा। जहां राष्ट्रीय एकता दिवस पर विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर और प्राचार्य विजयंत कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर शैक्षणिक कार्यक्रम शपथ, भाषण, लेख और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने बच्चों को हिंदी और अंग्रेजी में एकता का शपथ दिलाया। साथ ही अपने कर्तव्यों को



राष्ट्रहित में संयोजित करने का वादा भी लिया। इसके पूर्व भुरकुंडा बिरसा चौक में झारखंड के वीर सपूत बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पर बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने सरदार पटेल की जीवनी और उनके जीवन से जुड़े हुए विभिन्न लाभप्रद और प्रेरणादाई वाक्यांशों को बच्चों को सुनाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य विजयंत कुमार, कंचन दास, सिद्धार्थ कुमार, मोहनलाल बेदिया, धर्मेश सोनी, कृष्ण अम्बष्टा, गौरव कुमार साहू, सुनील कुमार साव, सीमा मुंडा, अंजली सिन्हा, गीता प्रसाद, शीला बेदिया, विश्वक सेन, अजीत, मिथिलेश सहित अन्य शिक्षक शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## दोतल्ला पंचायत में मनी पटेल की जयंती


**भुरकुंडा (रामगढ़)** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने पंचायत सचिवालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की चित्र पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर मुखिया सत्यंवती देवी ने कहा कि राष्ट्र के प्रति सरदार पटेल का बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका एवं योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों को आत्मसात कर उनके बताए गए मार्ग पर चलकर अपने राष्ट्र के प्रति अवश्य योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में पंचायत सचिवालय से राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा तक एकता दौड़ का आयोजन किया गया।

# रेन्बो स्कूल में मना पटेल की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।


विद्यार्थियों ने लौह पुरुष सरदार पटेल के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक घटनाओं का मंचन किया। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि हमें उनके ऐतिहासिक एवं साहसिक कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता



अखंडता एवं देश सेवा की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य पंचम कुमार पांडेय ने कहा कि यह दिन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती दिवस पर मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 2014 में एकता दिवस के रूप में की गई। मौके पर शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, संकेश कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, अंशु कुमारी आदि उपस्थित थे।

## श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में याद किये गये लौह पुरुष

बरही। श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई



पटेल की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय में उनकी जीवनी व कार्यदर्शन पर आधारित भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुआ। विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि यह दिवस हम सभी भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाते हैं। उन्होने देश को मजबूत किया। उन्होंने छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीन करके भारतीय एकता का निर्माण किया। प्रतियोगिता में रीया रानी, छवि, वंदना, निशु, राजनंदनी चंद्रवंशी, करण, आशीष, मैक्स, श्रेयश, मानवी के अलावा अन्य बच्चें व शिक्षकों की अहम भूमिका रही।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस ने पटेल और इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रामगढ़।** कांग्रेस के नेताओं ने मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि गोला रोड स्थित यूनियन कार्यालय में मनायी । कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल ने छोटे छोटे रियासतों में बंटे भारत को एकीकृत कर विशाल भारत के निर्माण का महान कार्य किया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने अपने नेतृत्व में देश को 1971 ई के युद्ध में पाकिस्तान पर विजय दिलाने का कार्य किया था। कहा की जब वह प्रधानमंत्री थीं उस दौरान बैंकों के राष्ट्रीयकरण का कार्य किया था। जिसका देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा था। कार्यक्रम में केडी मिश्रा, डीएन गिरि, संतोष सिंह, महेश प्रजापति, आनंद प्रताप, राजू वर्मा, सुरेंद्र राय, नवनीत कुमार, लखन साव, काली सिह आदि मौजूद थे।

### पटेल संघ ने पटेल की मनायी जयंती



**रामगढ़।** पटेल सेवा संघ रामगढ़ द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वी जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों के कहा की भारतीय स्वतंत्रता सेनानी औरलौहपुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की आजादी और भारतीय रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने में अपना अहम योगदान दिया था। इस मौके पर संघ के मुख्य संरक्षक राज गोबिंद प्रसाद, अध्यक्ष मनोज मंडल, सचिव नीरज मंडल, कोषाध्यक्ष अशोक महतो, संजय चौधरी, अरुण महतो, अनिल मंडल, जय प्रकाश, संजीव रावत, नवीन सिन्हा, रवि कुमार, अभिमन्यु कुमार, श्याम सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे ।

### शिक्षक की पिटाई से छात्र घायल

दारू। मिशन स्कूल पिपचो में एक शिक्षक के द्वारा स्कूली छात्र को बेरहमी से पिटकर घायल कर दिया। घायल छात्र आर्यन कुमार टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के भराजो का रहने वाला है। इस विद्यालय में वह नौवीं क्लास का छात्र है। शिक्षक द्वारा छात्र की पिटाई की जानकारी मिलने के बाद छात्र के परिजन विद्यालय पहुंचे और वहां चोटिल बच्चे को लेकर सीधे दारू थाना पहुंचकर आपबीती बताई। छात्र के परिजनों ने बताया कि एक शिक्षक के द्वारा उसे डंटे से पीटा गया है, जिससे उसके एक हाथ में काफी छोटे आई हैं। इस बारे में विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि छात्र को पीटने का आरोप गलत है। विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता चल रही थी जिसमें शिक्षक के द्वारा उसकी छड़ी से बच्चों के कोहनी में चोट लग गई। इस बारे में दारू थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि छात्र के परिजन और शिक्षक थाना आए थे और वहां से बच्चे का उपचार करने के लिए चले गए। इस मामले में किसी भी तरह का आवेदन थाना में नहीं दिया गया है।

### दारू में निर्माणाधीन पुल से चोरी

दारू। थानांतर्गत मेढकुरी नदी में पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। पुल निर्माण कार्य रुद्रा कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है। सोमवार की रात्रि में निर्माण स्थल में चोरी हुई। इस संदर्भ में कॉन्टूक्शन के सुपरवाइजर जगदीश रजवार ने दारू थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि प्रतिदिन की भांति सोमवार को काम बंद कर हमलोग सो रहे थे। मंगलवार की सुबह जब उठा तो देखा कि पुल सेटरिंग में लगने वाला लोहे का 100 प्लेट व 100 लीटर डीजल गायब है। पुल निर्माण कार्य शुरू होने से लेकर अब तक कि निर्माण स्थल से चोरी का यह पहली घटना है। सुपरवाइजर ने दारू थाना प्रभारी से चोरों को पकड़ने व सुरक्षा की मांग की।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**कटकमदाग।** प्रखंड स्थित कुसुंभा पंचायत के फतहा चौक के पास सोमवार शाम को ग्राम ओदरना के पास एक भीषण सड़क हादसा हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक किसी अज्ञात हाईवा के चपेट में दो बाइक सवार तीन लोग आए। जिसमें एक बाइक पर सवार एक युवक और एक युवती की मौत हो गई और एक अन्य बाइक पर सवार युवक घायल हो गए। घायल युवक बड़कागांव प्रखंड के रहने वाले बताए जा रहें और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं मृतक युवक हजारीबाग सदर प्रखंड के गुरहेत पंचायत के ग्राम डहवा के रहने वाले हैं। मृतक का नाम राजकुमार मुर्मू (उम्र 28 साल। मृतक युवती चरही प्रखंड की ग्राम सरवाहा, कसियाडीह की रहने वाली है। मृतक युवती का नाम शीला अंजली हेंब्रम उम्र (करीब 28 साल), है। दोनों मृतक युवक युवती एक ही बाइक पर सवार होकर जमुआरी किसी रिश्तेदार के यहां जा रहें थे इसी दौरान घटना घटी।

### एटक का 104वां स्थापना दिवस मना



भुरकुंडा (रामगढ़) यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन कार्यालय रीवर साइड भुरकुंडा में मंगलवार को एटक का 104 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नरेश रॉय और भुनेश्वर मांझी ने सयुंक्त रूप से झंडोतोलन कर किया। उसके बाद शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत साथियों के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। एटक के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने एटक के संघर्षों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि देश का मातृत्व संगठन एटक देश की सबसे पुरानी और पहली संगठन है। इसी संगठन की अगुवाई में मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए आन्दोलन कर हड़ताल की थी। देश की आजादी में भी इसका उतना ही योगदान रहा है।

### जुबिली कॉलेज में मनी पटेल की जयंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)** जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना 1-2 के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कॉलेज प्रांगण में अखंड भारत के शिल्पकार भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता व बुद्धि कौशल के कारण ही हमारा देश प्रगति पथ पर अग्रसर है।

## एक नजर में

### ओल्ड एज होम में मनायी पत्नी की पुण्यतिथि




हजारीबाग। बाबूगांव निवासी जयंत किशोर गुप्ता ने अपनी स्व. धर्मपत्नी अंजली देवी की पुण्य तिथि ओल्ड एज होम में वृद्धों के बीच मनाई। इस मौके पर श्री गुप्ता ने वहां रह रहे 28 वृद्धों और ओल्ड एज होम के कर्मियों को नए कपड़े प्रदान लिए। साड़ी, कुर्ता और पायजामे पाकर सभी के चहेरे खिले नजर आए। इसके अलावा उन सभी के लिए रात्रि भोजन का भी इंतेजाम कराया गया। मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से हेड क्लर्क से सेवानिवृत्त जयंत गुप्ता ने बताया कि वृद्धों के बीच पूरा एक दिन बिताकर उनके पूरे परिवार को सुखद अनुभूति हुई है। मेरे लिए यह गर्व की बात है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक



**विष्णुगढ़।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत प्रखंड मुख्यालय में सीओ व पंचायती राज पदाधिकारी रामचंद्र दांगी द्वारा राजनीतिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। विष्णुगढ़ प्रखंड में मांडू विधानसभा क्षेत्र के 128 मतदान केंद्र और बगोदर विधानसभा के लिए 15 मतदान केंद्र शामिल है। इसमें लगभग बर्तमान में लगभग 1,56,477 निबंधित है, वहीं इस मतदाता पुनरीक्षण के तहत सेक्स वर्कर, दिव्यांगो सहित बेघर परिवारों व 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले नागरिकों को मतदाता सूची में शत प्रतिशत निबंधित करने का निर्णय लिया गया है। 28 नवंबर से 3 दिसंबर तक समावेशी सप्ताह के आयोजन का निर्णय लिया गया है। बैठक में सीओ राम बालक कुमार, बीस सूत्री सदस्य मधुसूदन प्रसाद, प्रखंड महामंत्री भाजपा गुरु प्रसाद साव, पंचायती राज पदाधिकारी रामचंद्र दांगी, झामुमो नेता कपिलदेव चौधरी, कांग्रेस नेता विशेश्वर स्वर्णकार, आजसू के अजय मंडल आदि लोग उपस्थित थे।
31 हैज पी 5 : बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य

### पदमा में रन फोर यूनिटी का आयोजन

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत पदमा प्रखंड सह अंचल कार्यालय , झारखंड सशस्त्र वाहिनी पदमा कैंप, रामनारायण प्लस टू विद्यालय पदमा के द्वारा दिन मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर यूनिटी का आयोजन किया गया, जो राम नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पदमा से प्रारंभ होकर प्रखंड कार्यालय पदमा में समाप्त हुई, राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में यह कार्यक्रम चलाए गए जिसमें राष्ट्रीय एकता का शपथ लेते हुए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पदमा प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार , अंचलाधिकारी मोतीलाल हेंब्रम, पदमा कैंप के पुलिस उपाधीक्षक हीरालाल रवि, पदमा पंचायत के मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, पंचायत सचिव सत्य किशोर मेहता, अशोक यादव, प्रमोद कुमार दास, संतोष कुमार, रामकुमार मेहता, लिपिक विनोद कुमार सिंह, मनजीत कुमार पासवान सहित अन्य सरकारी कर्मी उपस्थित थे।

### बादम काली पूजा समिति का गठन

**बड़कागांव।** प्रत्येक वर्ष की भांति काली पूजा मनाने को लेकर प्रखंड के बादम काली मंदिर में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता श्याम किशोर पांडे ने किया। बैठक में मां काली पुजा समिति बादम के नाम से कमेटी गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष नितेश कुमार,उपाध्यक्ष नवीन कुमार साव,सचिव रौशन कुमार वर्मा,उपसचिव सुरज कुमार साव,कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार रजक,उपकोषाध्यव आकाश कुमार बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्य में अनिल साव,प्रेम साव, त्रिलोकी साव, रोहित कुमार, श्याम पांडे सहित अन्य ग्रामीण शामिल किए गए हैं।

### बड़कागांव में पांच दिवसीय योग शिविर शुरू

**बड़कागांव।** पतंजलि हजारीबाग महिला जिला प्रभारी अनीता देवी के नेतृत्व में प्रखंड के महुगाईकला दुर्गा मंडप में पांच दिवसीय योग शिविर शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को प्रतिदिन 12 आसन,12 योगिक-जोगिक,आठ प्राणायाम करने से शरीर में रोग का प्रवेश होता ही नहीं है। यदि रोग प्रवेश कर भी जाए तो आसपास में ऐसी कई जड़ी बूटियां है जिनका उपयोग करने से रोग समाप्त हो जाता है। उन्होंने कई जड़ी बूटी के महत्व पर भी प्रकाश विस्तार पूर्वक डाली।उन्होंने आगे कहा कि 24 नवंबर को हरिद्वार से साध्वी देव प्रिया बहन जी धनबाद आ रही है। एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय सेमिनार का आयोजन होगा।

**झारखण्ड सरकार**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा वन प्रमण्डल के अंतर्गत निम्नांकित अंतिम रूप से राज्यसात वाहनों को "जहां है, जिस स्थिति में है" के आधार पर बिक्री हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 23.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक प्रमण्डलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा निविदा उसी दिन प्रमण्डलीय कार्यालय में निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष 03:30 बजे अपराह्न में खोली जायगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि निविदा सूचना में उल्लेखित वाहन संबंधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो, वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में कोडरमा वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, कोडरमा में दिनांक 22.11.2023 को 05:00 बजे अपराह्न तक समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर कोई दावा कोडरमा वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नहीं किया जाता है, तो यह समझा जाएगा कि उल्लेखित राज्यसात वाहनों की निविदा द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रमण्डलीय कार्यालय सूचना पट्ट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

**वाहनों की सूची जिसके लिए निविदा सूचना आमंत्रित है :**

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | अधिहरण वाद संख्या | निबंधन संख्या | वाहन का स्थान (वर्तमान मे जहाँ रखा गया है।) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 407 ट्रक | 11/2014 | BR-13N-8821 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 2 | 407 ट्रक | 07/2016 | WB-37C-0673 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 3 | शक्तिमान ट्रक | 02/2016 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 4 | ट्रेक्टर एच0एम0टी0 टेलर सहित | 08/2016 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 5 | 407 ट्रक (बिना नं0 का) | 29/2017 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 6 | 407 ट्रक | 13/2017 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 7 | शक्तिमान ट्रक | 31/2017 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 8 | महिन्द्रा डी0आई0-265 ट्रेक्टर (टेलर सहित) | 28/2017 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 9 | टाटा मैजिक | 25/2017 | JH-12B-7031 | गझण्डी प्रक्षेत्र |
| 10 | टाटा 407 | 24/2017 | JH-12A-0655 | गझण्डी प्रक्षेत्र |
| 11 | पिकअप भैन | 19/2017 | WB-11B-7666 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 12 | बोलेरो पिकअप भैन | 21/2017 | JH-12F-7331 | गझण्डी प्रक्षेत्र |
| 13 | 06 चक्का ट्रक | 11/2017 | JH-12B-0437 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 14 | ट्रक एल0पी0 | 17/2017 | HR-64-8752 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 15 | मोटरसाईकिल(हीरो होण्डा एच0एफ0 डिलक्श) | 40/2018 | JH-12G-5959 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 16 | हिरो होण्डा पाईसन प्रो मोटरसाईकिल | 04/15 | JH-12E-1244 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 17 | हिरोहोण्डा सीडी डिलक्श मोटरसाईकिल | 05/15 | JH-12C-8502 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 18 | टाटा 407 ट्रक | 61/18 | BR-17G-7571 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 19 | टाटा 407 ट्रक | 42/18 | DBL-6185 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 20 | टाटा 407 ट्रक टर्बो इएक्स | 02/18 | BR-17G-1156 | डोमचाँच प्रक्षेत्र |
| 21 | एचएमटी ट्रैक्टर टेलर सहित | 20/17 | Without no. | डोमचाँच प्रक्षेत्र (बरियारडीह) |
| 22 | शक्तिमान ट्रक | 22/17 | DIS-044 | डोमचाँच प्रक्षेत्र (बरियारडीह) |
| 23 | पिकअप भैन | 23/17 | JH-02A-6944 | कोडरमा प्रक्षेत्र |
| 24 | हिरोहोण्डा मोटरसाईकिल | 30/17 | WB-01T-5844 | डोमचाँच प्रक्षेत्र (बरियारडीह) |
| 25 | उजला रंग का पिकअप बोलेरो | 47/13 | JH12D9319 | कोडरमा थाना काण्ड सं0 – 335/12 |
| 26 | छः चक्का हाईवा ट्रक | 55/13 | - | जयनगर थाना काण्ड सं0 – 74/13 |
| 27 | बारह चक्का ट्रक | 12/14 | JH02AB-1744 | चंदवारा थाना काण्ड सं0 – 53/14 |
| 28 | ट्रैक्टर 434 D.S+POWER TREACK DIESEL SAVER | 27/16 | - | चंदवारा थाना काण्ड सं0 – 76/16 |
| 29 | इन्टरनेशनल सोनालिका ट्रैक्टर DI-35 | 27/16 | | |
| 30 | इन्टरनेशनल सोनालिका ट्रैक्टर DI-734 | 27/16 | BR-13N-8821 | |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल

PR 310246 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

## स्पीड न्यूज

### परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में मना एकता दिवस



**चैनपुर।** परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज के एन एस एस स्वयंसेवकों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इसमें सहायक प्राध्यापक अमित कुमार ने भारत निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका बताते हुए कहा कि आजादी के बाद जब भारत 563 रियासतों में बंटा था, तो सरदार पटेल ने सभी को एक साथ मिलाकर भारत को एक सूत्र में बांधा था। प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर ने सबको धन्यवाद दिया। मौके पर बुनदिप लकड़ा, पुस्पलता डुंगडुंग, फादर सुमन और एनएसएस के विद्यार्थी मौजूद थे।

### पटेल सेवा संघ ने मरीजों में बांटे फल



**गुमला।** भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पटेल सेवा संघ गुमला ने स्थानीय पटेल पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद गुमला सदर अस्पताल परिसर में रोगियों के बीच फल बांटे। संघ के गुमला महासचिव राजेश सिंह ने कहा कि हम सभी को सरदार पटेल के विचारों को आगे बढ़ाते हुए समाज एवं राज्य के विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। कार्यक्रम में महासचिव राजेश सिंह के साथ-साथ शंभू सिंह, डॉ अनुपम किशोर, राधेश्याम प्रसाद, अशोक मंडल, सुधाकर कुमार एवं बहुत सारे सदस्य उपस्थित थे।

### इंदिरा-सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि



**लोहरदगा।** लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दोनों विभूतियों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम समाहरणालय सभागार लोहरदगा में किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसडीओ अमित कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों ने दोनों विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करने, देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने, सत्यनिष्ठा का संकल्प, देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने की शपथ दिलायी।

### टेंट संचालक ने लगायी फांसी, मौत



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के पीपल चौक के समीप टेंट हाउस संचालक विजय टोप्पो पिता स्व फ्रांसिस टोप्पो (50) ने अपने कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि विजय की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह शाम में दुकान से जल्दी आकर सो गया था। जब पत्नी खाना खाने के लिए दरवाजा खोलवायी तो वह दरवाजा नहीं खोला। वो अक्सर ऐसा ही करते थे। जब सुबह में भी दरवाजा बंद रहा तो खिड़की से देखा कि पंखे के सहारे उसने फांसी लगा ली है। घटना की सूचना पर चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पंहुच शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुटी है।

### खिलाड़ी फीफा के नियम से खेलें व विश्व स्तर पर पहचान बनायें: सुखदेव



**सेन्हा-लोहरदगा।** नशा छोड़ो फुटबॉल खेलो थीम के तहत फौजी क्लब जोगना के सौजन्य से आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सेन्हा प्रखंड के अरू पंचायत के जोगना में फौजी क्लब ने चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में नशा छोड़ो फुटबॉल खेलो थीम का आह्वान पूर्व थाना प्रभारी जगरनाथ उरांव ने किया था। टूर्नामेंट में बालकों की 32 तथा बालिकाओं का चार टीमें थीं। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि लोहरदगा विधानसभा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ कराया। श्री भगत ने कहा कि खिलाड़ी फीफा के नियम के अनुसार फुटबॉल खेलें और विश्व स्तर पर पहचान बनायें। बालक वर्ग में डीसीएन लोहरदगा और बालिका वर्ग में जेबी चैलेंजर्स की टीम फाइनल का विजेती बनी।

### आयुष्मान भव: मेला का आयोजन




**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष्मान भारत के तहत मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान भव: मेला का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य मेला में मातृ स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन, कुष्ठ नियंत्रण, टीकाकरण, भारतीय आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति, परिवार नियोजन, सामान्य चिकित्सा सहित अन्य तरह के बीमारियों का 10 स्टॉल लगाया गया है। जिसके तहत बीमारियों का इलाज कर मुफ्त में दवा दिया जा रहा है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत के तहत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत द्वितीय चरण का आयुष्मान भव : मेला का आयोजन कर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों का बीमारियों का इलाज कर मुफ्त में दवा दिया जा रहा है। सभी तरह के बीमारियों के लिये अलग अलग चिकित्सकों का व्यवस्था है।

## सरदार पटेल की जयंती पर जिले के पदाधिकारियों ने किया नमन

■ उपायुक्त ने दिलाया राष्ट्रीय एकता की ली गयी शपथ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मद्देनजर मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर समाहरणालय परिसर में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित जिले के सभी वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने सरदार पटेल के बहुमूल्य योगदान को याद किया। साथ ही उपायुक्त ने सभी को राष्ट्रीय एकता का शपथ ग्रहण दिलवाया। सभी ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं। जिसे सरदार पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।

## रागी का नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी : उपायुक्त

■ जिला स्तरीय मासिक प्रेस वार्ता संपन्न

■ उपायुक्त ने अक्टूबर माह की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं से कराया अवगत

■ झारखंड सरकार की नई योजना अबुआ आवास का लाभ एसटी-एससी परिवार को मिलेगा



प्रेस वार्ता करते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मासिक प्रेस वार्ता का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सितंबर माह में जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए गए उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं से सभी को अवगत कराया। वहीं उपायुक्त ने 8 नवंबर को जिले में मिलेट डे के रूप में मनाये जाने की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने जिला अंतर्गत तेलंगा खड़िया स्टेडियम के समीप बने रागी मिलेट कैफे से रागी निर्मित आटा एवं अन्य स्नैक्स की खरीद करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि रागी के नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। वे स्वयं भी अपने घर में मिलेट कैफे से खरीदे गए रागी के आटे से निर्मित रोटी का सेवन करते है। उन्होंने कहा कि मिलेट कैफे में सभी रागी निर्मित स्नैक्स जिले के ग्रामीण महिलाओं द्वारा बिना किसी रासायनिक पदार्थों का उपयोग करते हुए शुद्ध रूप से बनाया जाता है जिसकी गुणवत्ता की जांच उपायुक्त द्वारा स्वयं की गयी है।

### 33 विद्यालयों में सिखायी जा रही स्क्रैच कोडिंग

इस दौरान उपायुक्त ने जिले में संचालित सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत जिला के 33 विद्यालयों में बच्चों को सिखाये जा रहे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, स्क्रैच कोडिंग की जानकारी दी। आगामी चुनाव की स्थिति को देख उपायुक्त ने जिला वासियों से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत नजदीकी मतदाता केंद्रों में जाकर 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर 2023 तक मतदाता सूची में अपना निबंधन, सुधार एवं पुनरीक्षण करवाने की अपील की। उपायुक्त ने जिले भर के पीवीटीजी ग्रामों में लगाये जा रहे विशेष शिविर से संबंधित जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि 26 अक्टूबर से प्रारंभित यह शिविर अगले 10 नवंबर तक विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत चलेगा। उपायुक्त ने आगामी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सिकल सेल एनीमिया के कई केस देखने को मिल रहे हैं। जिसके तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में डुमरी प्रखंड में सिकल सेल एनीमिया हेतु जांच शिविर लगाया जायेगा। जिसमें 15 वर्ष से 40 वर्ष के आयु वाले लोगो की जांच करते हुए इस बीमारी के इलाज हेतु कार्य किया जायेगा। उपायुक्त ने झारखंड सरकार की नयी योजना अबुआ आवास योजना पर भी प्रकाश डाला। बताया कि जल्द ही आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जायेगी। इस योजना से आवास विहीन, गरीब एवं कच्चे मकानों में रहने वाले एसटी/ एससी समुदाय को लोगों को लाभ मिलेगा।

## प्राक्कलन को ताक पर रख हो रहा घटिया सड़क निर्माण

करोड़ों के सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमिता, प्रखंड प्रमुख की जांच से सामने आया मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता।

**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के नवनी गांव से लेकर आदर तक करोड़ों रुपया के लागत से बनाए जा रहे सड़क निर्माण में भारी अनियमित बरता जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा प्राक्कलन को ताक में रखकर निर्माण कार्य में मनमानी की जा रही है। पीसीसी के ढलाई प्रकरण के विपरीत तीन से चार इंच की ढलाई कर के लीपा पोती करने का काम किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर अभियंताओं की बगैर उपस्थिति में यह कुकृत्य किया जा रहा है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब प्रखंड प्रमुख सविता देवी योजना स्थल पर ग्रामीणों की शिकायत पर जांच करने पहुंची। प्रमुख ने इसका कड़ा विरोध करते हुए विभाग से कार्रवाई का मांग किया है। यहां बता दे की सड़क निर्माण कार्य श्याम बिहारी यादव कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें मसाला बनाने को लेकर भी अनुपात का पालन नहीं किया जा रहा है। मसाला बनाने में कम सीमेंट और कम गिटी डालकर मसाला तैयार किया जा रहा है।

### कार्रवाई नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन : प्रमुख

इस संबंध में प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि इलाके में भ्रष्टाचार व्याप्त है।ठेकेदार बेलगाम हो गए हैं। विभाग के संबंधित अधिकारी की मौन यह दर्शाता है कि भ्रष्टाचार इलाके में व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। इनके ऊपर कारवाई करने के बजाए आंख बंद करके अधिकारी इनका मौन समर्थन कर रहे हैं। इस पर अगर कार्रवाई नहीं हुआ तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जायेगा।

## युवा कांग्रेस ने किया रक्तदान

पूर्व पीएम इंदिरा की शहादत और पूर्व गृहमंत्री सरदार पटेल की जयंती पर कई कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**




रक्तदान करते कांग्रेसी।

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत दिवस एवं पूर्व गृहमंत्री सरदार पटेल के जन्मजयंती के शुभ अवसर पर लोहरदगा युवा कांग्रेस ने ब्लड डोनेशन कैंप सदर अस्पताल लोहरदगा में लगाकर रक्तदान किया। मौके पर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने रक्तदान किया और कहा इंदिरा गांधी देश की ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की नेता थी। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देश निर्माण, राष्ट्रीयता, अर्थव्यवस्था और विदेश नीति में अपार योगदान दिया। संपूर्ण भारत के विकास में भारत को आगे ले गयी। वह एक कुशल राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ नेता थी। विदेशों में एक अलग ही पहचान बनाई। देश को अग्रणी देशों में शामिल कर मजबूती प्रदान की। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए अवसर प्रदान किये एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के कार्यों को नहीं भुलाया जा सकता वे प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री थे, उन्होंने किसान आंदोलन का नेतृत्व किया, और क्रिप्स मिशन, शिमला सम्मेलन और कैबिनेट मिशन की वार्ताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया और देश को ऊंच शिखर पर पहुचाने का कार्य किया। मौके पर जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, जिला उपाध्यक्ष कविश जायसवाल आदि मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर इंदिरा और जयंती पर सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

>> बैंकों का लाभ हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए इंदिरा ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया : चैतु उरांव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक आधुनिक भारत के शिल्पकार महान स्वतंत्रता सेनानी व भारतर लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनायी। इन दोनों महान व्यक्तित्व के धनी को याद कर उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। चैतु ने कहा कि देश की कई दिग्गज महिलाएं हैं जो नारी शक्ति की मिसाल हैं। इनका जीवन हर किसी के लिए प्रेरणा है। आज के दौर में स्त्री को शिक्षा पाने, सपने देखने, करियर बनाने और आर्थिक तौर पर सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित करने वाली इन्हीं महिलाओं की सूची में एक नाम इंदिरा गांधी का है।

## कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को किया नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत दिवस एवं पूर्व गृह मंत्री सरदार पटेल के जन्मदिन के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि इंदिरा गांधी वर्ष 1966 से 77 तक लगातार तीन परी के लिए भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री रही। उसके बाद चौथी पारी में 1980 से लेकर 1984 में उनकी राजनीतिक हत्या तक हुए भारत की प्रधानमंत्री रही। इनके कार्यकाल में देश ने विभिन्न आयामों को छुआ। ऑपरेशन मेघदूत एवं परमाणु परीक्षण आदि इनके द्वारा राष्ट्र हित में अनेक कदम उठाए गए और आयरन लेडी के नाम से भी विख्यात हुईं। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि अदम्य, साहस की प्रतिमूर्ति थी इंदिरा गांधी, इंदिरा गांधी ने एक मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्व योगदान दिया।

### गोवा हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए दो खिलाड़ी चयनित

**गुमला।** गोवा में आयोजित 37वां राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए स्पोर्टस एकेडमी गुमला के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है। खिलाड़ियों का चयन टाटा में आयोजित शिविर में हुआ था। जिसमें विक्रम राज ठाकुर और अनिश साहू का चयन हुआ है, जो झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। बुधवार को दोनों खिलाडियों को टावर चौक से रवाना किया जायेगा। स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षक सैयद जुन्नू रैन, हाफिज उर रहमान ने दोनों को बधाई दी है।

### अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**गुमला।** अहतु थाना कांड संख्या 18/2021 के प्राथमिक अभियुक्त घाघरा थाना क्षेत्र के सेरेंगदाग हाडापांठ के जितिया उरांव पिता गंदुर उरांव को किस्को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। बता दें कि इस कांड की पीड़िता को तस्कर दिल्ली में एएनएम में काम लगाने व ट्रेनिंग करने के नाम पर बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाया गया था। जिसके बाद पीड़िता इन सब की बातो में आकर इनके पास चली गयी थी। इसके अलावे अहतु थाना कांड संख्या- 13/20 की पीड़िता जिसे तस्करों ने 2018 में ही दिल्ली में काम लगाने के नाम पर दिल्ली ले गये थे। उसे बरामद किया है तथा पीड़िता को उसके परिवार वालों को सुपुर्द किया है। इसमें संलिप्त अभियुक्त को अहतु थाना पूर्व में ही जेल भेज चुका है।

### हर पर्व और त्योहार का मकसद प्यार और खुशियां बांटना होता है : जयप्रकाश शर्मा



**लोहरदगा।** सभी दीपावली की तैयारी में जुट गये हैं, वहीं मारवाड़ी युवा मंच हर चेहरे पर मुस्कान लाने और दिवाली को खुशियों वाली बनाने में लगा हुआ है। झारखंड प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस बार मंच की विभिन्न शाखाओं की सहभागिता से सवा लाख मिठाई के डिब्बे और 11,000 कंबल का स्नेहपूर्ण वितरण गरीब और जरूरतमंदों के बीच करेंगे। वे हर होली और दिवाली पर शहर की बस्तियों में जाकर गरीब बच्चों के बीच मिठाइयां और उपहार बांटते रहे हैं।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी आयोजित



**लोहरदगा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर लोहरदगा से बड़ा तालाब तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से किया गया। इस दौड़ की शुरुआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिश बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गयी। यह दौड़ समाहरणालय परिसर लोहरदगा से प्रारंभ हुई जो मैना बगीचा, बाबा मठ, पावरगंज, सोमवार बाजार होते हुए बड़ा तालाब के पास संपन्न हुई।

## चोरी की पांच बाइक के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** चोरी की बाइक के साथ सिसई पुलिस ने सिसई थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी तौफिक अंसारी को गिरफ्तार कर मगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि थाना गेट के समीप नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था।

इसी दौरान एक व्यक्ति अपने वाहन को लेकर भागने लगा। पुलिस ने उसे दौकड़ा। जिसके बाद उसका नाम पूछा गया तो उसने तौफिक नाम बताया। वाहन के कागजात मांगने पर कोई कागजत प्रस्तुत नहीं की। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह गुमला बाजार टांड से बाईक की चोरी की थी। उसने बताया कि वह पांच मोटरसाइकिल की चोरी की है।

### फांसी लगा ग्रामीण ने की आत्महत्या

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के शिवशेरेंग गांव में अमित टोपो ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना घाघरा पुलिस को मंगलवार को सुबह दी गयी। जिसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार अमित टोप्पो देर शाम मेला से लौटा और खाना पीना खाकर अपने रूम में सोने चला गया। वहीं बगल में ढेकी रूम के छप्पर में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली।

## पति की हत्या की आरोपी पत्नी गिरफ्तार, गयी जेल

■ पुलिस ने 12 घंटे के अंदर किया गया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** थाना क्षेत्र के खरता में बीते 30 अक्टूबर सोमवार को पति प्रदीप उरांव की हत्या में शामिल पत्नी बरती उरांव को कैरो थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर कांड संख्या 49/23 धारा 302 के तहत लोहरदगा कारा भेज दिया। एसआई ऋषिकांत शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देख थाना प्रशासन ने आरोपित पत्नी को तत्काल गिरफ्तार कर आरोप स्वीकार करने के बाद देर शाम में जेल भेज दिया है। विदित हो कि खरता में सोमवार सुबह अपने ही घर में प्रदीप उरांव (34) की हत्या उसकी पत्नी बरती उरांव ने पत्थर से कूचकर कर दी थी। प्रदीप की तीन पत्नियां हैं, जिनमें बड़ी देवकी अपने दो बच्चों के साथ उसके छोटे भाई गुंजन के साथ रहती है। वहीं बीच वाली आरोपित पत्नी से एक पुत्री है जो कभी घर तो कभी रांची में रहती थी। उसी ने प्रदीप की हत्या की थी।

## जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला और क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड स्थित नगर भवन परिसर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला एवं क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन जलछाजन प्रकोष्ठ सह आंकड़ा केंद्र लोहरदगा द्वारा किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद लोहरदगा अध्यक्ष रीना कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी लोहरदगा शिव पूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा अनुप कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी लोहरदगा संतोष पाण्डेय, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक- डॉ रंजन, जेटीडीएस के वित्त एवं प्रशासनिक पदाधिकरी मनींद्र तिवारी एवं अन्य पदाधिकारी कृष्णा राम मांझी, लोहरदगा के जिला तकनीकी विशेषज्ञ प्रिंस कुमार उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में लोहरदगा जिला के जन प्रतिनिधिगण में कोलसिमरी पंचायत की मुखिया सुखमनी उरांव, लावागईं पंचायत की मुखिया ललिता देवी, चंदलासो पंचायत की मुखिया दशमति उरांव, ककरगढ़ पंचायत के मुखिया चिमनी टोप्पो, किरी पंचायत के मुखिया रामेश्वर लोहरा, नरौली पंचायत के मुखिया अरविंद उरांव, कैरो पंचायत के मुखिया वीरेंद्र महली, नरौली पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुखमनी देवी, गजनी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुनीता लकड़ा, कैरो पंचायत के उप मुखिया रवि प्रजापति भी उपस्थित रहे। इन सभी का सम्मान शॉल ओढ़ाकर किया गया।

## न लोकसभा और न ही विधानसभा सबसे बड़ी ग्राम सभा: पवन तिग्गा

■ हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ बगडू में ग्रामीणों ने की बैठक

■ बिना ग्राम सभा के अनुमति के खनन पर रोक लगाने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में पहुंचे ग्रामीण।

**लोहरदगा।** जिला के किस्को प्रखंड अंतर्गत बगडू पंचायत के बगडू बाजार में ग्राम प्रधान प्रकाश उरांव के अध्यक्षता में ग्रामीणों का बैठक हुआ। बैठक का संचालन नंदू उरांव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पवन तिग्गा, विशेष अतिथि जिप सदस्य किस्को संदीप गुप्ता उपस्थित हुए।

पवन तिग्गा ने कहा कि बगडू माइंस पिछले लगभग 100 वर्षों से बॉक्साइट का खुदाई किया जा रहा है। लेकिन यहां के ग्रामीण जनता को सुविधा के नाम पर धूल अशुद्ध पिए जल शिक्षा चिकित्सा और बुनियादी सुविधा से वंचित रखा गया है और बाहरी लोगों को 80 परसेंट नौकरी पैसा में रखा गया है।

यहां के रैयतों को कंपनी के दलाल गुंडा बदमाश द्वारा धमकाया जाता है की ज्यादा बोलोगे तो घर से बेदखल कर दिया जायेगा। डर कर रैयत को अपनी हक अधिकार से वंचित रखा गया है। इसकी शिकायत जिला के जिलाधिकारी से कई एक बार लिखित आवेदन दिया गया, लेकिन इस आवेदन पर किसी तरह के कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

## स्पीड न्यूज

### झालसा रांची के निर्देश पर डोर टू डोर चलाया विधिक जागरूकता अभियान


ग्रामीणों को कानुन की जानकारी देते।

**लातेहार।** माननीय झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, इसी क्रम में मंगलवार को सदर प्रखंड के इचाक गांव में पीएलबी मिथिलेश कुमार एवं कौशल कुमार ने डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया इस दौरान पीएलबी ने उपस्थित ग्रामीणों को कानूनी की बुनियादी जानकारी दी जिसमें बाल विवाह, डायन प्रथा, नशा मुक्ति इत्यादि पर प्रकाश डाला।

### राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता प्रतिज्ञा ली गयी


मौके पर मौजूद डीवीसी के अधिकारी व अन्य।

**लातेहार।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंगलवार को लातेहार जिले के तुबेद में डीवीसी कैप्टिव कोयला खदान परियोजना के सभी कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता प्रतिज्ञा ली गई। इस अवसर पर प्रबंधक खनन अरविंद कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) मनीष कुमार एवं दीपक कुमार, प्रबंधक वित्त उमेश यादव, उप प्रबंधक मानव संसाधन रवि प्रकाश तिवारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गयी


मौके पर मौजूद छात्राएं।

**चंदवा।** स्थानीय ग्रीन फील्ड अकादमी परिसर में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य उदय नारायण कपूर निदेशक अरविंद सिंह व अन्य शिक्षको ने स्व. पटेल के चित्र के समक्ष दिप जलाकर व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओ को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री कपूर ने सरदार पटेल ने देश को एकीकृत करने में उनके योगदान को विस्तार से बताया। कहा कि देश की एकता व अखण्डता को लेकर उनके द्वारा किये कार्य को कभी भुलाया नही जा सकता है। मौके पर निदेशक अरविंद सिंह अनुराधा सिंह, सुनीता गुप्ता,जॉन बोस्को, समेत विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### नेत्रहीन निशी रानी ने शास्त्रीय व लोकगीत गायन की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार जीता


मौके पर निशी रानी व अन्य।

**लातेहार।** लातेहार की नेत्रहीन निशी रानी ने 29 व 30 अक्टूबर को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में अपनी प्रतिभा से न सिर्फ सबों को प्रभावित किया। उसने शास्त्रीय व लोकगीत गायन की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार जीत कर लातेहार का मान बढ़ाया है। लातेहार में कक्षा 12 वीं की छात्र निशि रानी ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। मालूम हो कि आज निशी रानी किसी प्रतिभा की मोहताज नहीं है। जिला स्तरीय हर संगीत कार्यक्रम में निशी रानी भाग लेती है। उसने बताया कि साल 2016 में कला एवं पर्यटन विभाग के द्वारा आयोजित सुबह सबेरे में कार्यक्रम के संयोजक आशीष टैगोर ने मौका दिया था। उसने ऐ मेरे वतन के लोगों गीत गा कर लोगों को काफी प्रभावित किया था। निशी रानी ने कहा कि वह गानों को सुन कर याद करती है, उसके बाद उसे हारमोनियम में रियाज करती है। वह लातेहार में संगीत शिक्षिका स्वाति मिश्रा के सानिध्य में संगीत की तालिम लें रही है।

### उपायुक्त ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया


पुष्प माल्यार्पण करते उपायुक्त।

**लातेहार।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त हिमांशु मोहन द्वारा लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पदाधिकारियों तथा कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए योगदान देने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

चंदवा के कामता चेकनाका के पास जल नल योजना से लगा 3 यूनिट, 2 की उपयोगिता शून्य

# हर घर नल जल योजना में भ्रष्टाचार हावी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** हर घर तक स्वच्छ पेयजल मुहैया हो इस उद्देश्य से केंद्र सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत संचालित महत्वकांक्षी हर घर जल नल योजना चंदवा में भ्रष्टाचार व अनियमितता की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में उक्त योजना की पोल परत दर परत खुल रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ग्रामीणों की माने तो उक्त योजना में भ्रष्टाचार पूरी तरह से हावी है। प्रखंड में नल जल योजना से लगे यूनिट में अधिकांश यूनिट हाथी का दांत साबित हो रहे हैं। ताजा


जल नल योजना से बना सोलर जलमीनार।

मामला प्रखंड मुख्यालय से महज 3 किमी दूरी पर स्थित कामता पंचायत से आया है, जहां कामता चेक नाका के पास नल जल योजना का तीन यूनिट महज चंद कदमों की दूरी पर लगा है। लेकिन इनमें दो यूनिट की उपयोगिता लगभग शून्य है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल नल योजना लगाने के कार्य में लगी कार्यकारी एजेंसी जैसे तैसे कार्य को पूरा कर सरकारी पैसे का बंदरबांट करने के फिराक में हैं। नल जल योजना का यूनिट लगे लगभग 3 महीना हो चुका है, लेकिन अबतक पानी की सप्लाई नही दी गयी है। यूनिट को चालू करने के लिए बोलने पर संवेदक आना-कानी कर रहा है। इस संबंध में कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि से संपर्क करने पर गोल मटोल जवाब देकर बचने का प्रयास करने लगा, उन्होंने कहा कि किसी दूसरे स्थान पर कार्य चल रहा है जिस कारण विलम्भ हो रही है। जल्द ही यूनिट को चालू कर दिया जाएगा।

## स्वयंसेवक संघ द्वारा शरद पूर्णिमा कार्यक्रम मनाया गया


शरद पूर्णिमा कार्यक्रम मनाते लोग।

**बारियातू।** खंड में संघ स्थान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शरद पूर्णिमा कार्यक्रम मनाया गया। शरद पूर्णिमा कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि पलामू विभाग संघ चालक जानकी नंदन राणा द्वारा स्वयंसेवकों को शरद पूर्णिमा उत्सव के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया वहीं अपने संबोधन में चर्चा करते हुए मुख्य कहा कि आज के दिन चंद्रमा अपने 16 कलाओं से परिपूर्ण हो धरती पर अपने किरणों से अमृत की वर्षा करती है। आज के दिन को हम कौमुदी व्रत के रूप में भी मनाते हैं। इसी दिन श्री कृष्ण ने महारस भी रचाया था। आज के दिन ही महर्षि वाल्मीकि और अक्षर ब्रह्म गुनातीनंद स्वामी जी का जन्म हुआ था। मां लक्ष्मी आज के दिन ही भगवान विष्णु के साथ गरुड़ पर बैठकर पृथ्वी भ्रमण के लिए आती है। मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम खंड कार्यवाह शानू शाखा कार्यवाह सोनू मुख्य शिक्षक नीतीश, अमरदीप, अमोल, आयुष, यस, श्रेयांश, सत्यम, प्रतीक, नितिन, ओमप्रकाश, युवराज, पप्पू प्रसाद, राजन प्रसाद, बहनों में आराधना, कशिश, लकी,सुजाता, बबीता, माही, आदि अधिक से अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## हरिजन आदिवासी अधिनियम के नामजद आरोपी पूर्व सीओ को थाना परिसर में किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता


पूर्व सीओ को सम्मानित करते।

**बालूमाथ।** बालूमाथ अंचल के पूर्व अंचल अधिकारी आफताब आलम का स्थानांतरण हो जाने के चौथा दिन बाद बालूमाथ थाना परिसर में उन्हें सम्मानित किया गया जो चर्चा का विषय है। बालूमाथ निवासी लक्ष्मी देवी पति विजय गंझू ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा था कि आंचल कार्यालय में विविध वाद संख्या 03/21 -22 की सुनवाई चल रही थी। इसी बीच मेरे पुत्र द्वारा कुछ सवाल करने पर अंचलाधिकारी आफताब आलम एवं सीओ के सहयोगी सुनील कुमार ने गुस्से में आकर मेरे पुत्र की पिटाई कर दी। और मेरे द्वारा विरोध करने पर मुझे गालियां देते हुए जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया था। उसके बाद लक्ष्मी देवी के आवेदन के आधार पर कांड संख्या 323/23 अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अंचलाधिकारी आफताब आलम का स्थानांतरण 4 दिन पूर्व होने के बाद उन्होंने अपना प्रभार भी दे दिया लेकिन उनके ऊपर किए गए मुकदमे पर ना तो कोर्ट से जमानत ली गई है ना ही उन्हें बरिये पदाधिकारी के द्वारा अनुसंधान में बरी किया गया। जानकारों का कहना है कि कोई भी पदाधिकारी का स्थानांतरण हो जाने के बाद उस स्थान के लिए वह एक सामान्य व्यक्ति हो जाता है और अगर आफताब आलम पर प्राथमिक दर्ज है तो उस स्थिति में उन्हें थाना में सम्मानित करना अनुचित है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। अंचलाधिकारी आफताब आलम बराबर विवाद के घेरे में रहे हैं इधर ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि स्थानांतरण होने के बाद रविवार समेत तीन दिनों तक रात्रि 2:00 बजे तक कार्यालय खोलकर दर्जनों विवादित जमीन का म्यूटेशन करते हुए ऑनलाइन रसीद काट मोटी कमाई की थी। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी द्वारा चार्ज देने के बाद भी डोंगल अपने पास रखकर पुनः कई जमीन संबंधित निपटारा किया है जो जांच का विषय है। बालूमाथ के ग्रामीणों ने कहा कि अगर कोई आम व्यक्ति आरोपी होता है तो उस पर कार्रवाई की जाती है क्या भारत का संविधान में अलग-अलग व्यक्ति के लिए अलग-अलग कानून बनाया गया है। इस सम्बंध में बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र महतो से पूछे जाने पर कहा कि मैं अभी नया-नया आया हूँ जानकारी के अभाव में कार्यक्रम हुआ है।

समाज के गरीब तबके का विकास सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य : शशि भूषण तिवारी

# नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी की बैठक बेतला में की गयी आयोजित


बैठक में अपने विचार रखते बुद्धेश्वर उरांव व मौजूद लोग।

▸▸ संस्था के माध्यम से बेरोजगार युवाओं और युवतियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता है

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखण्ड राज्य की स्वयंसेवी संस्था नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी की बैठक मंगलवार को बेतला में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उमेश उरांव ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए लोगों का बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा की सरकार और सरकारी विभागों के साथ-साथ सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के गरीब तबके और पिछड़े क्षेत्र का विकास करना सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य है। इसके अलावा संस्था के माध्यम से बेरोजगार युवाओं और युवतियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता है। वहीं उन्होंने संगठन के कार्यो से सभी को अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा -निर्देश दिए। जिसके उपरांत बैठक में संगठन का पुनर्गठन करते हुए विस्तार किया गया। जिसमें सरयू जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव को सचिव, प्रदीप कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष और दीपक राज को सोसाइटी के मीडिया प्रभारी पद से सुभोषीत किया गया। जहां सरयू जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी के माध्यम से सरकारी तंत्रों के साथ समन्वय स्थापित कर वंचितों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अभियान चलाया जाएगा, जैसे भोजन, कपड़े, दवा, आश्रय, परिवहन और शिक्षा प्रदान करना हमारे सोसाइटी की प्राथमिकता होगी। वहीं बैठक में विक्टर केरकेट्टा, विनय कांत पाण्डेय, बबलू राही, रिजवान अली, मार्टिन, डीएन राम और महबूब आलम इत्यादि ने भी अपने-अपने विचार रखें। मौके पर जलाल अंसारी, मीना सिंह, सनरति होरो, एजुब कुजूर, नीरज बाखला और सबिता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों को सोसाइटी में शामिल करते हुए सदस्य बनाया गया।

## गुलगुलिया मुहल्ले के बच्चों को समाज सेवी झूलन प्रसाद भगत ने निजी कोष से की शिक्षा की व्यवस्था


मौके पर मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड मुख्यालय स्थित गुलगुलिया मुहल्ले के बच्चों को बौद्धिक व मानसिक विकास के लिए विहिप प्रखंड अध्यक्ष सह समाज सेवी झूलन प्रसाद भगत ने निजी कोष से शिक्षा के लिए व्यवस्था किया। उक्त सम्बन्ध मे समाज सेवी भगत ने कहा की गुलगुलिया परिवार शिक्षा के आभाव मे अभी भी हासिये पर खड़ा है। मानसिक चेतना जागरूक करने के लिए उनके बच्चे की शिक्षा की व्यवस्था के लिए निजी कोष से 1500 रूपये प्रतिमाह के आधार पर कैलाश प्रजापति के पुत्री पम्मी कुमारी को शिक्षा देने के लिए कार्य को सौंपा। वहीं गुलगिया परिवार के बच्चे को प्रेरित करने के लिए निशुल्क कॉपी किताब व प्रत्येक दिन बिस्किट व नहाने धोने के लिए दो-दो साबुन देने की बात कहा। साथ ही बताया की जो बच्चे दो माह तक रेगुलर क्लास करते हैं तो वैसे बच्चे को एक-एक सेट कपड़ा दिया जायेगा। वहीं आसपास के बच्चों को शिक्षा केंद्र मे लाने के लिए प्रेरित किया। 3:30 से पांच बजे तक क्लास चलेगा। उपस्थित बच्चों को बताया पढ़ाई लिखाई से बौद्धिक व मानसिक होता है। मौके पर समाज सेवी नवल किशोर राम, सरस्वती शिशु मंदिर बारियातू के एचएम जीतेन्द्र राम ने भी शिक्षा के प्रति जागरूक किया। आपको बताते चले की गुलगुलिया मुहल्ला मे लगभग 25 घरों मे लोग निवास करते हैं लेकिन एक भी परिवार साक्षर नहीं हैं अभी भी अंगूठा ही लगाते हैं।

# आयुष्मान भवः के तहत स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन दिप प्रज्वलित कर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाइक, डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, अलीशा टोप्पो संयुक्त रूप से किया। मौके पर सामान्य रोग चिकित्सा, आयुष्मान कार्ड वितरण, एनसीडी, मलेरिया, फलेरिया, टीबी, शिशु रोग सहित कई स्टॉल लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया। और उनके बीच दवा का वितरण किया गया। जिसमे 336 मरीजो का


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

स्वस्थ्य जांच, लैब टेस्ट 217, एनसीडी 108, शिशु रोग 21, मलेरिया 57, टीबी 50, कुष्ट रोग 7 लोगो का जांच किया गया वही 42 आवेदन आयुष्मान कार्ड के लिए प्राप्त हुआ। मौके पर जानकारी देते हुए प्रकाश बड़ाइक ने कहा आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन लातेहार सिविल सर्जन के निर्देश पर किया गया था। जिसमे सैकड़ो ग्रामीणों का इलाज एवं मुफ्त दवा का वितरण किया गया। आगे उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से हर गरीब परिवार का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य सहिया घर-घर जाकर एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगो को कार्ड बनाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बन जाने गरीब परिवार के लोग पांच लाख तक का मुफ्त इलाज देश के जाने-माने अस्पतालों में करवा सकेंगे। मौके पर सी०एच०ओ ममता कुजूर, अनु किरण नगेसिया, वेलेंटीना कुजूर, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, मिथलेश कुमार, मो०मजहर, गुलाम कुरैशी सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## एक नजर में

### एसडीओ से वार्ता के बाद समाप्त हुआ कफन सत्याग्रह आंदोलन


मौके पर मौजूद आंदोलनकारियों व अन्य।

**चंदवा।** चंदवा के टोरी रेलवे फाटक के समीप रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण व टोरी जंक्शन के पश्चिमी छोर पर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन एसडीओ मो. परवेज आलम के द्वारा आंदोलनकारियों के साथ वार्ता किए जाने के बाद समाप्त हो गया। एसडीओ ने आंदोलन की अगुवाई कर रहे माकपा नेता अयूब खान से वार्ता किया। एसडीओ ने कहा कि टोरी रेलवे फाटक पर आरओबी नहीं होने के कारण लोग कितने परेशान हैं इससे जिला प्रशासन भली भांति अवगत है। आरओबी निर्माण की पेंच कहां फंस रही है, इसको लेकर वे वरीय अधिकारियों से बात करेंगे। इस दौरान आंदोलनकारियों ने अपने लिखित मांग पत्र प्रखंड प्रशासन व रेल प्रबंधन को भी सौंपा। बता दें कि टोरी में आरओबी निर्माण व स्टेशन के पश्चिमी छोर पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर माकपा नेता अयूब खान की अगुवाई में दर्जनों लोगों ने अनिश्चितकालीन कफन सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया था। सोमवार सुबह लगभग 9 बजे से शुरू हुआ आंदोलन शाम तक जारी रहा, इसी दौरान आंदोलनकारी अयूब खान की तबियत बिगड़ गयी जिसके बाद मेडिकल टीम के द्वारा उन्हें अस्पताल लाया गया। इसकी सूचना के बाद एसडीओ मौके पर पहुंचे व आंदोलनकारियों से वार्ता की व आंदोलन को खत्म कराया। मौके पर सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार, प्रभारी थाना प्रभारी शुभम कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी, डॉ. मनोज कुमार समेत चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम मौजूद थे।

### हाइवा ऑनर एसोशिएशन दो नवम्बर से करेगी अनिश्चितकालीन चक्का जाम


जानकारी देते संगठन के सचिव देवपाल कुमार।

**बालूमाथ।** बालूमाथ हाइवा ऑनर एसोसिएशन आगामी दो नवम्बर गुरुवार से भाड़ा वृद्धि, स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता देने सहित कई मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम करेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए संगठन के सचिव ने बताया कि डीवीसी कंपनी के तुबेद कोल परियोजना से कुसमाही कोल साइडिंग तक कोयला का परिवहन किया जा रहा है। जिसमें बिना भाड़ा निर्धारित किए हुए एवं स्थानीय वाहनों तथा लातेहार हाइवा ओनर एसोसिएशन को बिना प्राथमिकता दिए हुए बाहरी वाहनों से मनमानी तरीके से कोयला का परिवहन किया जा रहा है। इसको लेकर कई बार कंपनी से वार्ता हुई लेकिन सफल नहीं हुआ। इसको लेकर जिले के उपायुक्त, एसडीओ को भी इस संबंध में कई बार आवेदन दिया जा चुका है। अंतत: थक हारकर हम लोगों ने निर्णय लिया है कि आगामी गुरुवार से हाईवा ओनर एसोसिएशन अनिश्चितकालीन चक्का जाम करेंगी।वही आयोजित चक्का जाम को लेकर ओनर एसोसिएशन द्वारा पोस्टर चिपकाओ अभियान चलाया गया। जिसमें बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न स्थानों समेत तुबेद से कुसमाही तक पड़ने वाले विभिन्न गांव, नाका, चैकपोस्ट समेत कई स्थानों पर पोस्टर चिपकाया गया।

### सेवानिवृत्त के अंतिम दिन एसडीपीओ राजेश कुजूर ने अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से की मुलाकात


सेवानिवृत्त के अंतिम दिन पर मुलाकात करते अधिकारी।

**महुआडांड।** महुआडांड अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर कार्यरत डीएसपी राजेश कुजूर मंगलवार को सेवानिवृत्त के अंतिम दिन अपने कार्यालय पहुंच कर कार्य का निपटारा किया। इसके पश्चात डीएसपी राजेश कुजूर महुआडांड अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे से अनुमंडल कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे ने डीएसपी राजेश कुजूर की उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आप जहां भी रहे अच्छे से आपका जीवन व्यतीत हो। आपने महुआंडाड़ के लोगों के दिलों में जो जगह बनाया है और जो क्षेत्र के लिए कार्य किए हैं काफी सराहनीय है। इस अवसर पर डीएसपी राजेश कुजूर ने अपने महुआडांड़ में व्यतीत किये गए अनुभव को साझा करते हुए बताया कि यहां के लोग काफी मिलनसार है। हमें सभी लोगों का हमेशा सहयोग मिला है। साथ श्री कुजूर के द्वारा सभी का आभार भी व्यक्त किया गया। जिसके उपरांत वे भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभात रंजन चौधरी समेत अन्य अधिकारीयों से मुलाकात किये। इस दौरान महुआडांड सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान भी मौजूद थे।

### कांग्रेसियों ने मनाया इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती


मौके पर मौजूद कार्यकर्तागण।

**बारियातू।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर मे राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व मे स्व इंदिरा गाँधी व स्व सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पुष्पअर्पित कर मनाया। पुण्यतिथि के मौके पर उपस्थित लोगों को रीगन कुमार ने कहा की देश की इकलौती महिला प्रधानमंत्री थे। देश की कई दिग्गज महिलाएं हैं जो नारी शक्ति की मिसाल हैं। इन महिलाओं का जीवन हर किसी के लिए प्रेरणा है। आज के दौर में स्त्री को शिक्षा हासिल करने, सपने देखने, करियर बनाने और आर्थिक तौर पर सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित करने वाली इन्हीं महिलाओं की सूची में एक नाम इंदिरा गांधी का है। इंदिरा गांधी देश की पहली और इकलौती महिला प्रधानमंत्री हैं। इनके आदर्शो पर चलने की आवश्यकता है। इधर सरदार बल्लभ भाई पटेल के सम्बन्ध मे कहा की 31 अक्तूबर के दिन प्रतिवर्ष उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाते हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल देश के पहले उप प्रधानमंत्री थे। वह त्याग और बलिदान की मिसाल भी थे।मौके पर लाल आशीषनाथ शाहदेव, मो मुमताज, भोगत उरांव, राजेश उरांव, नीरज यादव, कुलदीप राम, सुरेंद्र उरांव इस्लाम मियां सहित कई अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### वन विभाग ने अवैध पत्थर का उत्खनन कर रहे दो वाहन को किया जब्त


जब्त किए गए वाहन।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के लवागड़ा गांव स्थित जंगल से वन विभाग मनिका के अधिकारियों के द्वारा अवैध पत्थर का उत्खनन कर रहे एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर वन विभाग कार्यालय मनिका लाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएफओ लातेहार रौशन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका प्रखंड क्षेत्र के लवागड़ा के जंगल से सड़क निर्माण के लिए वन विभाग के भूमि से अवैध पत्थर का उत्खनन किया जा रहा है जिसके के बाद डीएफओ रौशन कुमार, रेंजर मनिका ढाकुर पासवान, वन कर्मी कुणाल कुमार, आलोक तिवारी, अजय पांडे, मनोज सिंह, समेत अन्य उक्त स्थान पर पहुंचे और पत्थर लोड ट्रैक्टर और एक जेसीबी को जब्त कर वन विभाग कार्यालय ले आए। वहीं जब्त किए गए वाहनों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और आगे की कारवाई जारी थी।

स्पीड न्यूज

## बाइक टकराई पेड से, एक की मौत, दो गंभीर

**रामगढ़।** रामगढ़ हंसडीहा सड़क मार्ग के रामगढ़ थाना क्षेत्र के मोहनपुर मोड़ के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ टकरा गई जिससे बाईक में सवार तीन सवार में से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही एक मौत हो गया जबकि दो अन्य साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतक की पहचान भतोडिया बी पंचायत के जवारी गांव के विकास मांझी के रुप में हुई है। जबकि घायलों को पुलिस ने रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां विकास मांझी को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए फुलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।यह घटना विगत सोमवार की देर शाम की है।

## सरदार पटेल की जयंती पर राष्ट्र की एकता व अखंडता का लिया गया शपथ

**गोड्डा।** समाहरणालय परिसर में उपायुक्त के साथ सभी अधिकारियों ने राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम मनाया। उक्त कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त गोड्डा सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा शपथ लिया गया कि "मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश के आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।' उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय सहित अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड व अंचल कार्यालय सहित सभी पंचायतों में भी शपथ लेकर किया गया। साथ ही साथ इस दौरान देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा में अपना योगदान देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी, महागामा राजीव कुमार जिला नजारत उपसमाहर्ता , श्रवण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीशा कुजूर सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## विद्यालय से चोरी हुई कम्प्यूटर समेत उपकरण बरामद

**दुमका।** जिले के रामगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अगस्त माह में प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांडो केन्दो से चोरी किए गए सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बरामद कर लिया है। साथ ही चोरी की घटना में संलिप्त चार किशोर आरोपियों को भी पकड़ कर किशोर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया है। जबकि घटना को अंजाम देने वाला एक और किशोर आरोपी अभी पुलिस पकड़ से बाहर है। मालूम हो कि प्रखंड के डांडो केन्दो उत्क्रमित उच्च विद्यालय से विगत 28 अगस्त की रात पांच किशोरों ने मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसमें 10पीस सीपीयू (मोनिटर सहित) वेब कैमरा 1पीस,सरवर मोनिटर 1पीस, स्पीकर 1सेट,प्रिंटर 1,यूपीएस 1, स्टेवलाइजर 1,की बोर्ड 8, माउस 10 तथा केबल की चोरी कर ली गई थी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महान हेम्ब्रम के द्वारा अज्ञात लोगों पर विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की चोरी कर लेने का मामला रामगढ़ थाना में दर्ज करवाया था उक्त कांड के उद्वेदन के लिए आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम के द्वारा लगातार छापामारी की जा रही थी छापामारी के क्रम में पकड़े गए आरोपी के निशान देही पर रामगढ़ तथा आसपास के थाना क्षेत्र से पुलिस ने चोरी गए सामानों को बरामद कर लिया है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमोद नारायण सिंह, काठीकुंड सर्कल के पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय, पुअनि अनुज कुमार सिंह, बृज कुमार राय व अन्य शामिल थें।

# बाल-विवाह और महिलाओं के खिलाफ हिंसा को ले हुयी जागरूकता अभियान की शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** डीआरडीए स्थित सभागार में बाल विवाह एवं महिला बाल शोषण मुक्त, जिला जागरूकता अभियान की शुरूआत उपायुक्त , गोड्डा जिशान कमर, सीजेएम सिविल कोर्ट, गोड्डा अर्जुन साव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीशा कुजूर, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रितेश कुमार, सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर की गई।

यह अभियान जिले में 31 अक्टूबर 2023 से 14 नवंबर 2023 तक आयोजित की जाएगी।

उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त, गोड्डा के द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक अभिशाप है, इसे परंपरा के रूप में नहीं अपनाया जा सकता है। उन्होंने इस कुप्रथा के अंत के लिए लोगों को व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।



उपायुक्त के द्वारा बाल विवाह के रोकथाम को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की विस्तार पूर्वक चर्चा करते कहा कि इस अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी कानूनन अपराध है, इसके रोकथाम उन्होंने बच्चों के माता-पिता से भी अपील किया कि वे अपने बच्चों का विवाह कम उम्र में ना करें उन्हें पढ़ने लिखने एवं सही उम्र पर ही उनकी शादी करें। यह उम्र उनके पढ़ने लिखने एवं कुछ मुकाम हासिल करने की है। ऐसे उम्र में शादी का बोझ देखकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करें। बाल विवाह से बाल अधिकारों का हनन होता है, इसका बुरा असर शिक्षा प्राप्ति एवं भविष्य पर पड़ता है। इस उम्र में लड़का / लड़की शारीरिक और मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होते हैं, लड़की मां बनने के लिए सक्षम नहीं होती है, इससे बच्चा कुपोषित पैदा हो सकता है।

कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को शपथ दिलाते हुए इस कुप्रथा के अंत के लिए सक्रिय होकर कार्य करने का प्रण लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीजेएम, सिविल कोर्ट ,गोड्डा अर्जुन साव ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है, बाल विवाह से होने वाले नुकसान एवं कानूनी पहलुओं के विषय में जागरूकता के माध्यम से जिले में सभी स्थानों, सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को जागरूक करने की जरुरत जिससे इस कुप्रथा एवं सामस्याओं पर नियंत्रण संभव हो सके।

उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गोड्डा , जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी , गोड्डा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गोड्डा सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह के रोकथाम हेतु विस्तृत जानकारियां प्रदान की गई।

मौके पर इस कार्यक्रम में, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती मिथिला टुडू, श्रम अधीक्षक संजय आनंद, जेएसएलपीएस के डीपीएम ,बाल कल्याण समिति के विनय चौधरी, मो. मुजफ्फर आलम, नीरज कुमार, संदीप दुबे, किशोर न्याय बोर्ड के विजय कुमार, नाज प्रवीण, जिला बाल संरक्षण इकाई के रितेश कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, विकास चंद्र, ओम प्रकाश, संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी , जेएसएलपीएस के कर्मवीर, नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि ,एक्सआईएसएस-यूनिसेफ, साथी, जनता शक्ति संघ ट्रस्ट, लोहिया विकलांग सेवा समिति, आदिम जनजाति सेवा केंद्र गोड्डा, प्रदान, वर्ल्ड विजन, पीसीआई आदि स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

## साहिबगंज के युवक ने होटल में फांसी के फंदे से झूल दी जान

**दुमका।** शहर के बीचबीच सत्कार होटल में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी शाम 5 बजे होटल मालिक संतोष कुमार ने नगर थाना पुलिस को दी। मौके पर नगर थाना पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेकर कर छानबीन में जुट गई है। होटल के रजिस्टर में दर्ज पता के अनुसार प्रकाश साह(35),पिता गया राम साह पाकुड़ जिला के तेतुलिया गांव निवासी है। होटल मालिक की माने तो बीते सोमवार को साढे 8 बजे दो व्यक्ति पहुंचा था।होटल पंजी में नाम दुमका आने का उद्देश्य बिजनेस दर्ज कराया। मृतक के साथी द्वारा होटल संचालक को बताया गया कि वह खाना पहुंचा चला जायेगा और कमरा मंगलवार शाम को खाली कर देगा। उसके बाद मृतक के साथी का कुछ पता नहीं है। हालांकि कि शव कब्जे में लेने के बाद तलाशी लेने पर आधार कार्ड में मृतक का पता के अनुसार साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के तेतुलिया गांव निवासी प्रकाश साह, पिता गया राम साह है। प्रथम द्दष्टया में आत्महत्या प्रतीत होता है। युवक द्वारा फांसी के फंदे में इस्तेमाल किया गया प्लास्टिक की रस्सी नया प्रतीत हो रहा है। जो सामने के दुकान से लिया हुआ है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने को फूलों-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज मामले की जांच में जुट गई है।

## मृतक आदिवासी छात्र के परिजनों से मिले बोरियो विधायक : लोबिन हेम्ब्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** आदिवासी छात्र हत्या मामलें में बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम मंगलवार को मृतक के घर कुरमाहाट (आदिवासी टोला) पहुँच उनके परिजनों से मिल घटना को दुखद बताते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही पीड़ित परिवार को सहयोग राशि प्रदान की। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए हत्या के अन्य आरोपियों को प्रशासन से जल्द गिरफ्तार करने और कठोर से कठोर सजा दिलाने की बात कही।उन्होंने कहा मृतक छात्र आनंदलाल सोरेन के बाइक से मवेशी को हल्की चोटें आई और चरवाहों द्वारा एकजुट होकर छात्र को पीट पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। ये बर्दाश्त करने की बात नहीं है। अगर आदिवासी का लोगों का गुस्सा फूट जाएगा तो वहां कोई शासन प्रसाशन काम नहीं आएगा।साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से बात हुई है जहां प्रशासन द्वारा बताया गया है की पीड़ित परिवार को दो से तीन दिन में मुआवजा राशि प्रदान कर दी जाएगी।वहीं उन्होंने घटना में अभी तक बाइक बरामद नहीं होने की बात पुलिस से की तो बतलाया गया कि बहुत जल्द बाइक को बरामद कर लिया जाएगा।ज्ञात हो की बीते 22 अक्टूबर को मड़गामा से फुटबॉल मैच देखकर लौट रहे छात्र आनंद लाल सोरेन की हत्या पीटकर कर दी गई थी। मामलें में दो अभियुक्त फिलहाल जेल में बंद है। हत्याकांड को लेकर आदिवासी महापंचायत में लोगों ने इसे जघन्य हत्याकांड करार देते हुए रोष जताया था। मौके पर प्रखंड मांझी हड़ाम बबलू टुडू,सुनील हेम्ब्रम,पूर्व मुखिया जितेंद्र हेम्ब्रम, सोमलाल हेम्ब्रम, सनत मुर्मू, कुमार मरांडी, अभिमन्यु राउत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## लुटपाट का एक आरोपी गिरफ्तार, लुटे गए बाईक समेत दो बाइक बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बाइक सवार से छीनतई के आरोप में हंसडीहा पुलिस ने एक गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जीवाजोर गांव निवासी युवक प्रेम कुमार तांती है। थाना प्रभारी जितेन्द्र साहू ने बताया कि बीते 17 अक्टूबर को गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट के मोतिया ओपी थाना क्षेत्र के अमड़ा क्लोनी निवासी सोनू कुमार ठाकुर ने थाना में किए लिखित शिकायत में बताया कि स्पेलेंडर बाइक से देवघर से घर गोड्डा जा रहा था। देर शाम थाना क्षेत्र के गंगवारा साप्ताहिक हाट के समीप पल्सर व अपाची दो बाइक पर चार सवार पीछा कर रोक मारपीट करते हुए बाईक, एटीएम व 13 हजार नगदी लूटपाट कर फरार हो गया। मामले में पुलिस



थाना कांड संख्या 79/23 के तहत भादवी की 394 धारा में मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई थी। मामले में पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर प्रेम कुमार तांती को गिरफ्तार करते हुए अपाची बाइक जप्त की। गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर पुलिस लुटे गए स्पेलेंडर बाइक थाना क्षेत्र के कोल्हारिया गांव निवासी संजय राय के घर से बरामद की। वहीं उसी दिन देवघर जिला के मोहनपुर थाना में स्कूटी सवार बुजुर्ग से लूटपाट मामले में मोहनपुर पुलिस सरैयाहाट थाना निवासी दो अन्य आरोपी बिहारीलाल पंजियारा एवं लीलाकान्त कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हालांकि कांड में संलिप्त पांच आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से दूर है।फरार आरोपियों में सरैयाहाट के प्रदीप मांझी,सुनील कुमार, संजय राय, शंभु मंडल एवं विक्की तांती है। पुलिस फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

## बीएलओ और पर्यवेक्षक की प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों के बी एल ओ और बी एल ओ सुपरवाइजर की बैठक हुयी। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी आलोक वरन केसरी और प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी दिनांक कुमार हांसदा ने बी एल ओ और बी एल ओ सुपरवाइजर को आवश्यक जानकारी दिया। बताया कि मतदाताओं से दावा आपत्ति की अवधि 27 अक्टूबर से 19 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। बी एल ओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण किया जाना है। एक जनवरी 2024 एवं एक अक्टूबर 2024 को आहर्ता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूर्ण करने वाले का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। आगामी चार नवंबर एवं



पांच नवंबर को विशेष अभियान दिवस मनाया जाएगा। प्रत्येक मतदान केदो में इस कार्यक्रम को किया जाना है। समावेशी सप्ताह का आयोजन दिनांक 28 नवंबर से चल रहा है आगामी तीन दिसंबर तक चलेगा। 28 नवंबर को आदिम जनजाति समूह , 29 नवंबर को गृह विहीन व्यक्तियों के लिए,30 नवंबर को 80 वर्ष से अधिक एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए,दो दिसंबर तृतीय लिंग कर्मियों के लिए और तीन दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगों के लिए काम किया जाएगा। प्रपत्र आठ के माध्यम से क्षतिग्रस्त वोटर आईडी कार्ड को बदला जाएगा।

## सुशील मोदी ने कहा, अगला स्थापना दिवस से पहले समाप्त हो जाएगी जदयू

पटना। राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने मंगलवार को कहा कि जदयू ने 30 अक्टूबर को अपना 20वां और अंतिम स्थापना दिवस मना लिया लेकिन अगला स्थापना दिवस मनाने से पहले पार्टी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 13 साल में जदयू की ताकत लगातार घटी है। 2010 में पार्टी के 115 विधायक थे। 2015 में उनकी सीटें घट कर 75 हुईं और 2020 में 44 पर आ गई।

उन्होंने कहा कि जदयू ने अपनी स्थापना के समय जिन ताकतों को अपना और बिहार के विकास का शत्रु माना था, उन्हीं ताकतों से दोस्ती कर पार्टी ने खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। लालू प्रसाद से हाथ मिलाने और तेजस्वी यादव को अपना सियासी वारिस घोषित करने के बाद जदयू के अलग अस्तित्व का कोई औचित्य ही नहीं रहा। पार्टी के सांसदों-विधायकों को अपना भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। उन्होंने कहा कि जदयू का राजद में विलय होना एक स्वाभाविक परिणति होगी। सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार और उनकी पार्टी के पास कोई जनाधार नहीं बचा है। लव-कुश और अतिपिछड़ा वोट भाजपा की तरफ आ चुका है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन नीतीश कुमार को नेता नहीं मान रहा। उनका पीएम बनना तो दूर, वे मुख्यमंत्री भी नहीं रह पायेंगे। साथ ही कहा कि भ्रष्टाचार-अपराध-तुष्टीकरण से समझौता और जनादेश से विश्वासघात कर कोई व्यक्ति बड़ी लकीर नहीं खींच सकता।

## अवैध 315 बोर के राईफल के साथ पूर्व पंचायत समिति गिरफ्तार

**पूर्णिया।** मोहनपुर ओपी पुलिस ने बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व पंचायत समिति को 315 बोर के राईफल सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में ओपी अध्यक्ष रंजीत कुमार ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि लालगंज गांव का पूर्व पंचायत समिति विनोद मंडल उर्फ विनो मंडल अपने घर अवैध हथियार 315 बोर का राईफल रखे हुए है। आदेश मिलते ही तत्काल ओपी अध्यक्ष के साथ एसआई विजेंद्र टुडू, हवलदार नंदकुमार सिंह, वनोद मंडल के घर छापा मारी की गई।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड इथेनॉल प्लांट का किया उद्धाटन

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अपने गृह जिले नालंदा के बेन प्रखंड के ग्राम अरावन में पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 30 एकड़ में स्थापित इथेनॉल प्लांट का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

इस संयंत्र की कुल क्षमता 500 किलोलीटर प्रतिदिन है। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर इथेनॉल प्लांट के कार्य का भी शुभारंभ किया। उद्घाटन



के पश्चात मुख्यमंत्री ने इथेनॉल प्लांट का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इथेनॉल प्लांट परिसर में पौधरोपण भी किया।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक डॉ जीतेन्द्र कुमार, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बिहटा में अवैध बालू खनन को लेकर सैकड़ों राउंड फायरिंग

**पटना।** बिहार के पटना जिले के बिहटा थानाक्षेत्र के पथलौटिया सोन नदी घाट का है। जहां बालू के वर्चस्व को लेकर दो गुटों में जमकर गोलीबारी हुई है. सैकड़ों राउंड गोली चली है। इस दौरान एक दर्जन पोकलेन मशीनों को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद इलाके में एक बार फिर डर का माहौल बन गया है।

**बिहटा में बालू घाट पर गोलीबारी :** बिहटा के पथलौटिया स्थित सोन नदी में अवैध बालू खनन और बालू के वर्चस्व को लेकर बालू माफियाओं के द्वारा लगातार गोलीबारी की घटना आम बात हो गई है। लगातार हो रही गोलीबारी की घटना में अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। वहीं इस घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम है। घटना में दोनों तरफ से दर्जनों राउंड गोली चली है। हालांकि इस घटना में किसी भी व्यक्ति की हताहत होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

**डीआईजी समेत तमाम आला अधिकारी मौजद :** वहीं, गोलीबारी की घटना के सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-ए-वारदात से दर्जनों खोखा बरामद किया है। अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। डीआईजी रैंक के अधिकारी समेत भोजपुर और पटना जिले की पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। बिहटा थाना के सब इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

खबर एक नजर में

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत आंगनवाड़ी सेविकाओं को रोजगार के संबंध में दी गयी जानकारी



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के कर्मियों द्वारा प्रखंड क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं को रोजगार के बारे में आवश्यक जानकारी दिया। जानकारी देने के बाद सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं से कहा गया कि वह अपने-अपने पोषक क्षेत्र में युवाओं एवं युवतियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने और रोजगार प्राप्त करने की जानकारी दें। ताकि युवक और युवती लाभान्वित हो सके ।पर्यवेक्षक अभिषेक कुमार और उत्तम कुमार भगत ने बताया कि सरकार के स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक,युवती को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। यह प्रशिक्षण राजधानी रांची और बगलगीर साहिबगंज जिला मुख्यालय में दिया जाएगा। यह तीन महीने का आवासीय प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षु को रहने और आने जाने की निशुल्क सुविधा दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद युवकों, युवतियों को विभिन्न प्रकार के रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के 90 दोनों का 4500 रुपए मानदेय का भी भुगतान किया जाएगा। बालिका के लिए बिजली चलित सिलाई मशीन, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर, डिजाइनिंग, इंग्लिश की जानकारी,नर्सिंग कोर्स आदि की जानकारी दी जाएगी। वहीं युवकों के लिए इलेक्ट्रीशियन, ऑटोमेटिक इलेक्ट्रीशियन, स्मार्टफोन, सोलर प्लेट, फिटर,वेल्डर आदि की जानकारी दी जाएगी।

## भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी एवं लौह पुरुष की जयंती मनाई गई

**गोड्डा।** आज गोड्डा जिला कांग्रेस द्वारा जिला कार्यालय में पूर्व प्रधान मंत्री स्व० इंदिरा गांधी और लौह पुरुष स्व० सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर जिला कांग्रेस कार्यालय में दोनों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए देश के लिए दोनों का देश के लिए किए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश यादव द्वारा की गई कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के बताए मार्ग पर तथा सभी जाति धर्म को समान रूप से सम्मान देते हुए चलने का आह्वान किया गया । कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा युवा प्रदेश सचिव विकास सिंह जिला महासचिव सुमित कुमार बिट्टू ,शिशिर झा ,जुगनू अली ,सोनी सिंह ,नगर परिषद निवर्तमान उपाध्यक्ष वेणु चौबे, नगर अध्यक्ष मेहबुब अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष नवल साह ,वरिष्ठ कांग्रेसी सच्चिदानंद साह ,सफिउल्ला अंसारी ,इकराम अंसारी, विकास मंडल, मृत्युंजय यादव,कुंदन ठाकुर, शशि यादव, पंचानंद महतो, राजेश अंसारी, श्रवण महतो, विनोद महतो, मुकेश महतो, विनय कुमार ठाकुर, अख्तर हुसैन, जियाउद्दीन भी थे।

## पेज 1 का शेष

### झारखंड के 16 पुलिसकर्मियों...

**नौ अधिकारी व पुलिस कर्मियों भी शामिल :** स्पेशल ऑपरेशन मेडल में सात आइपीएस के अलावा 9 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को भी प्रदान किया जायेगा। इसके तहत असिस्टेंट कमांडेंट कमलेश कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, एसआई गौतम कुमार, एसआई जमील अंसारी, एसआई मनोहर राम, सेकेंड इन कमांड विवेकानंद सिंह,हवलदार राज कुमार उरांव, कांस्टेबल रतन कुमार यादव का नाम शामिल है। **वर्ष 2018 में हुई थी शुरुआत :** गौरतलब है कि 23 जुलाई 2018 को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय गृह मंत्री के विशेष अभियान पदक की शुरूआत की थी। यह पदक पूरे भारत में पुलिस बल, केंद्रीय पुलिस बल, केंद्रीय सशस्त्र बल और सुरक्षा संगठन को प्रदान किया जाता है। बेहतर अभियान का संचालन, आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, नशीले पदार्थ की रोकथाम और बचाव कार्यों के लिए विशेष अभियानों के लिए पदक प्रदान किया जाता है। **पूरी सूची :** एडीजी अभियान संजय आनंद राव लाठकर, आइजी अभियान एवी होमकर, आइजी राजकुमार लकड़ा, डीआइजी अनूप बिरथरे, एसपी अंजनी कुमार झा, एसपी शिवानी तिवारी, एसपी अंजनी अंजन, असिस्टेंट कमांडेंट कमलेश कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, एसआइ गौतम कुमार, एसआई जमील अंसारी, एसआइ मनोहर राम, सेकेंड इन कमांड विवेकानंद सिंह, हवलदार राज कुमार उरांव, कांस्टेबल रतन कुमार यादव और कांस्टेबल विष्णु शंकर शामिल हैं। ये पदक पूरे भारत में राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) पुलिस बलों, केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ), केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और सुरक्षा संगठनों को प्रदान किया जाता है। सुरक्षा बलों को आतंकवाद, सीमा कार्रवाई, हथियार नियंत्रण, नशीले पदार्थों की तस्करी और नक्सल के खिलाफ कार्रवाई की रोकथाम और बचाव कार्यों जैसे क्षेत्रों में विशेष अभियानों के लिए यह पदक प्रदान किया जाता है।

### तुष्टीकरण करने वाले...

तुष्टीकरण की ये सोच इतनी खतरनाक है कि वे आतंकियों को बचाने के लिए अदालत तक पहुंच जाती है। ऐसी सोच से किसी समाज का भला नहीं हो सकता। इससे कभी देश का भी भला नहीं हो सकता। एकता को खतरे में डालने वाली ऐसी सोच से हर-पल, हर समय, देश के हर कोने में, हर देशवासी को सावधान रहना है। भारत के बीते कई दशक साक्षी हैं कि तुष्टीकरण करने वालों को आतंकवाद, उसकी भयानकता और उसकी विकरालता कभी दिखायी नहीं देता। **एकता ही विकसित भारत का लक्ष्य :** श्री मोदी ने कहा, हमें विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए देश की एकता बनाए रखने का प्रयास एक पल भी छोड़ना नहीं है, एक कदम भी पीछे रहना नहीं है। हमें निरंतर एकता के मंत्रों को जीना है। एकता को साकार करने के लिए हमें अपना निरंतर योगदान देना है। हम जिस भी क्षेत्र में हो, हमें उसमें अपना शत-प्रतिशत देना है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य देने का केवल ये उत्तम से उत्तम मार्ग है। देश के पहले गृह मंत्री होने के नाते लौह पुरूष सरदार पटेल, देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर बहुत सख्त रहते थे। पिछले नौ वर्षों से देश की आंतरिक सुरक्षा को कई मोर्चों से चुनौती मिलती रही है, लेकिन हमारे सुरक्षाबलों की दिन-रात की मेहनत भी और उसकी वजह से देश के दुश्मन अपने मंसूबों में पहले की तरह कामयाब नहीं हो पा रहे हैं।

### मिलजुल कर राज्य को...

यहां के बड़े-बड़े प्रशासनिक अधिकारी पूरे देश में फैले हुए हैं, पर उचित नीति-निर्धारण राज्य का नहीं हो पा रहा है। इसके लिए हमें खुद लड़ाई लड़नी होगी और वह लड़ाई बुद्धि से लड़ी जायेगी। जब तक हम शिक्षा की ओर ध्यान नहीं देंगे यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को आदिमानव समझा जाता है। यदि आदिवासी आदिमानव हैं तो आज भी इतने गरीब क्यों और गरीबी इतनी ज्यादा कि गरीबी भी उनके सामने शर्मा जाये। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर सीएम शक्ति कोटा पहुंचे और पूजा अर्चना कर राज्य के विकास की कामना की। कार्यक्रम को कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की तथा पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने भी संबोधित किया। सीएम के मंच पर पहुंचने के कुछ देर बाद ही बिजली व्यवस्था खराब हो गयी मंच पर अंधेरा देख स्थानीय अधिकारियों के होश उड़ गये। कुछ ही देर बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो गयी।

### पूजा सिंघल की जमानत पर...

अभी जमानत मिलने पर प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसके बाद न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 दिसंबर की तिथि निर्धारित की। इस वर्ष फरवरी में पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से बेटी के इलाज के लिए अंतरिम राहत मिली थी। इसके पहले भी उन्हें कंडीशनल अंतरिम राहत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गयी अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने के बाद 12 अप्रैल को इडी की पीएमएलए कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। जिसके बाद से ही वह होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

# क्यों सरदार पटेल को भारत रत्न देने में हुई देर?

आर.के. सिन्हा



**लौह** पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के उन महान जननेताओं से थे, जिन्हें कभी उनका हक नहीं मिला। देश की स्वतंत्रता के पश्चात सरदार पटेल देश उप-प्रधानमंत्री के साथ प्रथम गृह, सूचना तथा रियासत विभाग के मंत्री बने। सरदार पटेल को उनके निधन के दशकों बाद 1991 में भारत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान भारतरत्न से नवाजा गया। उन्हें भारत रत्न देने में इतने साल क्यों लगे? क्या कांग्रेस का कोई नेता बताएगा कि केन्द्र की कांग्रेस सरकारों ने सरदार पटेल को भारत रत्न देने में इतना वक्त वक्त क्यों लगाया? सरदार पटेल महान देशभक्त, दूरदर्शी एवं लोकप्रिय जननेता थे। इतने लोकप्रिय कि जब कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक प्रधानमंत्री के चुनाव के लिये बुलाई गई थी तब सारे मत सरदार पटेल के पक्ष में ही पड़े थे क मात्र एक नेहरू जी ने अपने लिये वोट डाला था पर गांधी जी ने सबके सामने पटेल को बुलाकर नेहरू का नाम प्रस्तावित करने को कहा था जो उन्होंने किया क सरदार पटेल ने किसानों के हितों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। वे अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के भी जनक थे। सरदार पटेल ने बारदौली में किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किया तथा अंग्रेजों को झुकने पर मजबूर कर दिया था। अंग्रेजों ने वर्ष 1947 में भारत को स्वतंत्र तो कर दिया था परंतु, 562 से अधिक रियासतों को उनकी मर्जी पर छोड़ दिया। सरदार पटेल ने अपनी सूझबूझ से एक कश्मीर को छोड़कर सभी रियासतों को भारत के तिरंगे के नीचे विलय करवा दिया तथा अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने जिस प्रकार से आजादी के बाद देश में मौजूद चुनौतियों का सामना करके राष्ट्र की एकता में अहम भूमिका निभाई उसके लिए देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहना होगा। मात्र एक रियासत कश्मीर को नेहरू ने जिद करके अपने जिम्मे रखा और हम अभी तक उसके साथ जूझ रहे हैं बेशक, सरदार पटेल के फैसले के कारण ही हैदराबाद रियासत का भारतीय संघ में विलय 17 सितंबर, 1948 को हुआ। उससे पहले 'ऑपरेशन पोलो' चलाया गया। जिसके बाद ही हैदराबाद का दुष्ट नवाब घुटनों के बल पर आया था। भारत की स्वतंत्रता के बाद जब भारतीय संघ का गठन हो रहा था, तब हैदराबाद के निजाम ने भारत से विलय में आनाकानी करनी शुरू कर दी थी। हालांकि, वहां हिन्दू बहुमत में थे और वह राज्य का मुसलमान शासक था । आखिरी निजाम ओस्मान अली खान ने अपनी सेना के बल पर राज करने का फैसला किया था। निजाम ने ज्यादातर मुस्लिम सैनिकों वाली रजाकारों की सेना बनाई। सरदार पटेल चाहते थे कि हैदराबाद के निजाम खुद भारत संघ में सम्मिलित हो जायें। लेकिन निजाम के अड़ियल रवैये के कारण सरदार पटेल ने हैदराबाद में पुलिस एक्शन का फैसला किया। इस काम में सिर्फ पांच दिन लगे। इसमें करीब 40 हजार जानें गई थी। हालांकि जानकार ये आंकड़ा दो लाख से भी ज्यादा बताते हैं।

सरदार पटेल भारत की भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के जनक भी थे। राजधानी के सिविल लाइंस पर स्थित मेटकाफ हाउस का लौह पुरुष सरदार पटेल से एक बेहद करीबा नाता रहा है। इधर ही सरदार पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 स्वतंत्र होने जा रहे भारत के नौकरशाहों को सुराज के महत्व पर संबोधित किया था। अपने भाषण में उन्होंने सिविल सेवकों को भारत का स्टील फ्रेम कहा। इसका मतलब यह था कि सरकार के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत सिविल सेवक देश की प्रशासनिक व्यवस्था के सहायक स्तंभों के रूप में कार्य करते हैं। इसलिए वर्ष 2006 से 21 अप्रैल को राष्ट्रीय नागरिक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दिन लोक प्रशासन में विशिष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी देते हैं।

सरदार पटेल सदैव देशहित में फैसले लेते थे। वे ईमानदारी की मिसाल थे। उनके पास खुद का मकान भी नहीं था। 15 दिसंबर, 1950 को जब उनका निधन हुआ, तब उनके बैंक खाते में सिर्फ 260 रुपये थे। सरदार पटेल 1, एपीजे अब्दुल कलाम रोड (पहले औरंगजेब रोड) पर स्थित एक निजी बंगले के एक हिस्से में रहते थे। यह बंगला था बनवारी खंडेलवाल का। वे सरदार पटेल के मित्र थे। सरदार पटेल ने इस बंगले में रहते हुए ही देश को आजादी मिलने के बाद 562 रियासतों का भारत में विलय करवाया। यहां पर ही रहते हुए उन्होंने हैदराबाद रियासत में पुलिस एक्शन की रणनीति अपने सलाहकारों के साथ मिलकर बनाई थी। सरदार पटेल के साथ दिल्ली में उनकी पुत्री मणिबेन पटेल भी रहती थीं। सरदार पटेल की बेटी और जवाहर लाल नेहरू-इंदिरा गांधी की तरह ही सरदार पटेल-मणिबेन पिता-पुत्री की जोड़ी भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय जोड़ी थी। मणिबेन ने सुखी जीवन को छोड़कर अपने पिता के पदचिह्नों पर चलने में जीवन का अर्थ देखा। जब तक सरदार पटेल जीवित रहे, मणिबेन ने उनकी निरंतर सेवा की। उनकी आशाओं और निराशाओं, दुखों और खुशियों को बेहद करीब से देखा। सरदार की मृत्यु के बाद, मणिबेन राजनीति में सक्रिय हुईं और लगभग तीन दशकों तक एक सांसद के रूप में समाज सेवा करती रहीं। इस दौरान सादगी के गांधीजी-सरदार पटेल से मिले संस्कारों का आजीवन पालन किया।

अफसोस कि जिस घर में रहते हुए आजाद भारत के इतिहास से जुड़े इतने अहम फैसले सरदार पटेल ने लिए, उस स्थान के बाहर कोई शिला पट्ट तक लगाने की किसी ने कोशिश नहीं की, ताकि देश की युवा पीढ़ी को पता चलता कि भारत के लिए सरदार पटेल का दिल्ली का घर कितनी अहमियत रखता है। गांधी जी के भी विश्वासपात्र रहे थे सरदार पटेल। गांधी जी 2 अक्टूबर 1947 को अपने अंतिम जन्म दिन पर राजधानी के तीस जनवरी मार्ग पर स्थित बिड़ला हाउस में थे। उन्होंने उस दिन उपवास, प्रार्थना और अपने चरखे पर अधिक समय बिताकर मनाया। वे उस दिन बहुत निराश और असहाय थे। देश की तब की परिस्थितियों के कारण गांधीजी अकेले और अलग-थलग महसूस करने लगे थे।

गांधीजी की निराशा स्पष्ट थी । उस दिन उनसे सरदार पटेल भी मिलने आए थे। गांधी जी ने सरदार पटेल से खुलकर बात की और उनसे पूछा, ₹मैंने ऐसा क्या अपराध किया है कि मुझे यह दुखद दिन देखने के लिए जीवित रहना पड़ रहा है?₹ सरदार पटेल की बेटी मणिबेन पटेल ने कहा, ‰हम वहां उत्साह के साथ गए थे; लेकिन हम भारी मन से लौट आये।‰ गांधी जी से 30 जनवरी 1948 को भी मिलने वाले अंतिम शख्स सरदार पटेल ही थे। लेकिन, पटेल का त्याग और गांधी के अत्यधिक नेहरू प्रेम का खामियाजा जो देश ने भुगता वह तो सबको पता है ही !

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# गंभीर बीमारी से त्रस्त महिला को मिली रोग से मुक्ति

डॉ संजीव कुमार शर्मा ने गंभीर बीमारी से अनजान महिला को पारस अस्पताल में मात्र 6 दिन में स्वस्थ कर दिया।

एक 38 वर्षीय महिला मरीज का इलाज कर पारस अस्पताल ने फिर अपने विश्वास को आगे बढ़ाया है। जिस महिला मरीज की बात हो रही है वह पिछले लगङ्गाग 15 दिनों से चलने में तकलीफ के साथ-साथ चेहरे के एक तरफ के हिस्से में कोई संवेदना महसूस नहीं कर पा रही थी। पहले से ही मरीज के ब्रेन का टफ्क्कबाहर किया गया था जिसमें ब्रेन ट्यूबरकुलोसिस बताया गया था ।

उसके बाद महिला मरीज को उनके परिजनों ने राँची के पारस एचईसी अस्पताल में न्यूरोलॉजी विङ्गाग में इलाज के लिए ङ्गार्ती कराया । पारस एचईसी अस्पताल के ओपीडी में रोगी को डॉ संजीव कुमार शर्मा



(सलाहकार न्यूरोलॉजी, पारस एचईसी अस्पताल) ने देखा। मरीज की टफ्क्क रिपोर्ट की जाँच करने के बाद उन्होंने पाया कि मरीज को माइलिन ऑलिगोडेंड्रोसाइट ग्लाइकोप्रोटीन एंटीबॉडी रोग (जुक्सट्रैको में डिमाइलिनेटिंग घाव) है। रिटिकल, थैलेमस, बेसल गैन्ग्लिया, आंतरिक कैप्सूल और मध्य अनुमस्तिष्क पेडुंकल में गांठदार घाव)।

**पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर सकें। इस दिशा में पारस एचईसी अस्पताल बेहतर प्रयास कर रहा है। एक समय था जब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए झारखंड से बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब राँची में पारस अस्पताल मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ उन्नत एवं अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा भी दे रही है।**

डॉ संजीव कुमार शर्मा बताते हैं कि यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के ऑलिगोडेंड्रोसाइट के खिलाफ एंटीबॉडीज बन जाती हैं और यदि रोगी के पास ऑप्टिकस्पाइनल इन्वॉल्वमेंट नहीं है तो इसकी पहचान करना मुश्किल हो जाती है।

डॉ संजीव कुमार शर्मा ने मरीज को मात्र 6 दिन के इलाज में ठीक कर दिया। मरीज को कुछ चिकित्सीय सलाह के साथ पारस एचईसी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है ।

पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर सकें। इस दिशा में पारस एचईसी अस्पताल बेहतर प्रयास कर रहा है। एक समय था जब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए झारखंड से बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब राँची में पारस अस्पताल मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ उन्नत एवं अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा भी दे रही है।

# लावारिस कुत्तों से कोहराम, बचाव का कब होगा इंतजाम

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**वाघ** बकरी कंपनी के मालिक 49 वर्षीय पराग देसाई की स्ट्रीट डॉग्स (लावारिस कुत्तों) के हमले से हुई मौत से देश में नई बहस शुरू हो गई है। ऐसी घटनाओं से भारत ही नहीं अपितु दुनिया के अधिकांश देश दो-चार होते आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्था लैंसेट की हालिया रिपोर्ट की माने तो दुनिया के तमाम देशों में हर साल लावारिस कुत्तों के कारण 59 हजार लोग अपनी जान गंवाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों को भी इस संदर्भ में देखा जाए तो केवल लावारिस कुत्तों के हमलों से जान गंवाने वालों में हमारे देश की भागीदारी लैसेंट के आंकड़ों में 36 फीसदी के लगभग है। कोरोना काल को अलग कर भी दिया जाए तो 2021 की तुलना में 2022 में ऐसी घटनाओं में इजाफा हुआ है। भारत सरकार के संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2022 के बीच लावारिस कुत्तों के काटने के डेढ़ करोड़ से अधिक मामले सामने आये हैं। यह तो वह आंकड़े हैं जो पंजीकृत हुए हैं। असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा होगा।

दरअसल गली-कूचों में घूमने वाले कुत्तों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई होती है तो उस पर धारा 428 व 429 के तहत सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही पशु प्रताड़ना का मामला बन जाता है। कुत्तों को प्रताड़ित करने, मारने, जहर देने या अन्य तरह से प्रताड़ित करने पर पांच साल तक की जेल तक हो सकती है। ऐसे में सवाल यह उठ जाता है कि लावारिस कुत्तों से बचाव का क्या रास्ता हो सकता है। देखा जाए तो स्थानीय प्रशासन यानी कि नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका जैसी संस्थाओं के पास ऐसे कुत्तों को पकड़ने की जिम्मेदारी होती है। कभी गलियों में घूमने वाली लावारिस गायों को पकड़ने की तरह ही स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने का अभियान भी चलता रहा है। पर अब ऐसे अभियान नहीं दिखते।

सवाल लावारिस कुत्तों का ही नहीं अपितु पालतू कुत्तों को लेकर भी इसी तरह से गंभीर है। देश के कई कोनों में पालतू कुत्तों द्वारा लोगों पर आक्रमण करने और काट खाने की घटनाएं भी आए-दिन देखने को मिल रही हैं। समस्या केवल एक जगह की नहीं है। दरअसल कुत्तों को पालना आज फैशन भी बनता जा रहा है। लोग ऐसी नस्ल के कुत्ते पालने लगे हैं जिनको देखने मात्र से सिहरन होने लगती है। यह स्टेटस सिंबल बनता जा रहा है। कुत्तों को पालना या नहीं पालना निजी मामला है और इस पर किसी तरह के कमेंट करना भी गलत होगा पर पालतू कुत्तों को खुला छोड़ना और आते-जाते लोगों को काटना गंभीर हो जाता है। यह भी सब जानते हैं कि कुत्तों के काटने पर समय पर इलाज नहीं कराने पर यह जानलेवा हो जाता है। इससे समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है।

देश में हर पांचवें साल मवेशियों और लावारिस जानवरों की गणना होती है। 2019 की गणना के अनुसार देश में लावारिस कुत्तों की संख्या करीब एक करोड़ 53 लाख है। पशुपालन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक लावारिस कुत्ते हैं। जहां तक काटने की घटनाओं की बात करें तो 2021 में देश में 17 लाख एक हजार 33 मामले सामने आये। 2022 में यह आंकड़ा 19 लाख 16 हजार 863 रहा। यह अपने आप में चेताने वाले आंकड़े हैं। कुत्तों के हमलों से बचने के लिए डॉग्स के मनोविज्ञान को भी समझना होगा। होता यह है कि जब आते-जाते व्यक्ति पर कुत्ते आक्रमण करते हैं और आप दोपहिया वाहन चला रहे हैं तो आप वाहन की स्पीड तेज कर देते हैं और इस कारण से कुत्ता भी उसी गति से तेज भागने लगता है और ऐसे में या तो बैलेंस बिगड़ जाने से गिर जाते हैं या कुत्ता आपको पकड़ लेता है और काट खाता है। ऐसे में मनोविज्ञान यह कहता है कि कुत्ता भौंकने लगे तो स्पीड कम करते हुए उसे डराने का प्रयास किया जाना चाहिए। इससे सामान्यतः कुत्ता शांत हो जाएगा और आपके पीछे भागना बंद कर देगा। यह एक सामान्य धारणा है। एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि कुत्ता काट खाये तो तत्काल डॉक्टर के पास जाएं और जरूरी इलाज कराने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरते। क्योंकि छोटी सी लापरवाही जानलेवा हो सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय प्रशासन को भी गंभीर होना होगा। समय-समय पर कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाना होगा। दूसरी ओर कुत्तों को पालने वालों के प्रति भी सरकार को सख्ती बरतनी होगी। पालतू कुत्तों को सार्वजनिक स्थल या गली-मोहल्ले में घुमाने के दौरान सावधानी बरतना सुनिश्चित कराना होगा ताकि वह हिंसक होकर किसी पर आक्रमण न कर सकें। सावधानी ही बचाव का एकमात्र रास्ता है। इसके अलावा पालतू कुत्तों को भी समय-समय पर टीका लगे, इस पर भी नजर रखने की जरूरत है। स्थानीय प्रशासन को अवेयरनेस कार्यक्रम भी चलाना चाहिए।

# सुरक्षित भविष्य के लिए स्मार्ट इन्वेस्टमेंट सबसे जरूरी '

विक्रम उपाध्याय

'पैसे पेड़ पर नहीं उगते हैं, फिर भी यह कहावत खूब चलती है ' लेटस ग्रो योर मनी'। यह कहावत गलत भी नहीं है। पैसे बड़े होते हैं, पर इन्हें बड़े करने के लिए इन्हें सही जगह लगाना होता है। फाइनेंसियल टर्म में इसे स्मार्ट इन्वेस्टमेंट कहते हैं'- ऐसा सर्टिफाइड फाइनेंसियल प्लानर और लेट्स इन्वेस्ट वाइजली कंपनी के फाउंडर कर्नल राकेश गोयल का दृढ़ विश्वास है। साक्षात्कार में वह कहते हैं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सही निवेश के जरिये धन जुटाने और अपने बड़े वित्तीय लक्ष्यों को पूरा किया जा सकता है। निवेशकों की सोच होती है कि उच्च लाभ के साथ अपेक्षाकृत सुरक्षित निवेश के विकल्प को कैसे चुना जाए। अपने पैसे का स्मार्ट निवेश करना और उससे अच्छी आय प्राप्त करना एक चैलेंज तो है।



वह कहते हैं कि लेट्स इन्वेस्ट वाइजली ऐसी कंपनी है जो पर्सनल फाइनेंस से संबंधित सलाह लोगों को प्रोफेशनल तरीके से प्रदान करती है। सुरक्षित निवेश के विकल्पों को सुझाते हुए कंपनी पैसे के साथ प्रबंधन में मदद करती है। कंपनी मुख्य रूप से सेवानिवृत्त सेना के लोगों को सेवा प्रदान करती है। कंपनी ने 2018 सितंबर में अपना उद्यम शुरू किया और तब से लगातार लोगों को उनके निवेश में मदद कर रही है। कर्नल गोयल का कहना है कि कि कंपनी का प्राथमिक उद्देश्य व्यक्तियों को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को समझने में मदद करना है और अपनी जोखिम सहनशीलता के अनुसार वित्तीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करना है।

वह कहते हैं कि निवेश के लिए सही विकल्प चुनना बहुत जरूरी है। समस्या यह है कि जो पैसा हम अपने बचत खातों में डालते हैं, उस पर कम ब्याज दरें हैं , जो कई बार मुद्रास्फीति की दर से भी कम होती है। यानी बचत खाते का ब्याज हमारे पैसे की क्रय शक्ति नहीं बढ़ा पाता। कर्नल राकेश गोयल स्मार्ट इन्वेस्टिंग का सरल और विश्वसनीय तरीका बताते हैं-

1-अपनी आय या बचत के पैसे का निवेश एक बजट बनाकर कर करें। सबसे पहले अपनी आय का एक हिस्सा म्यूचुअल फंड, स्टॉक या टर्म इंश्योरेंस में निवेश के लिए आवंटित करें। इसे आपात स्थिति या सेवानिवृत्ति के बाद अन्य वित्तीय जरूरतों के लिए वित्तीय सुरक्षा जाल बन जाएगा। यह निवेश अपेक्षाकृत सबसे काम जोखिम वाला है। लगातार बुद्धिमानी से वित्तीय निर्णय लेने से एक सुरक्षित वित्तीय भविष्य सुनिश्चित होता है।

2- स्मार्ट निवेश का निर्णय और इसकी शीघ्र शुरूआत आपके पैसे को बढ़ने और आपके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों तक पहुंचने में सक्षम बनाती है। वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए एक संरचित वित्तीय योजना आवश्यक है।

3- मौजूदा ऋणों का प्रबंधन करना जरूरी है, विशेष रूप से क्रेडिट कार्ड जैसे उच्च ब्याज दरों वाले ऋण वित्तीय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इसलिए उच्च-ब्याज वाले ऋणों को तेजी से चुकाने को प्राथमिकता दें और जब तक कर्ज लेने की मजबूरी न हो। इससे बचें। जिम्मेदार ऋण प्रबंधन न केवल आपके क्रेडिट स्कोर को बढ़ाता है बल्कि भविष्य में बेहतर उधार शर्तों को भी सुरक्षित करता है।

4-वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना एक क्रमिक प्रक्रिया है जो विफलताओं (बाजार की अस्थिरता) के सामने लचीलेपन और प्रयास करते रहने की इच्छा का नाम है । यानी वोलेटाइल मार्केट में आप का स्थिर रहना आवश्यक है। अपनी वित्तीय योजना की नियमित समीक्षा जरूरी है।

5- वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसलिए वित्तीय योजनाएं जीवन में होने वाले परिवर्तनों के अनुरूप विकसित की जानी चाहिए। इसलिए समय-समय पर अपने बजट, निवेश और वित्तीय लक्ष्यों का आकलन करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे आपके विकसित होते सपनों और आकांक्षाओं के अनुरूप हैं।

6-लगातार बदलती दुनिया में, नए अवसरों और प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए सजगता आवश्यक है। धन प्रबंधन, निवेश रणनीतियों और बजट के बारे में सीखना और आपकी वित्तीय शक्ति को बढ़ाने और धन निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। आय स्रोतों में विविधता जरूरी है।

7-अंशकालिक काम के जरिये आमदनी, किराये पर चढ़ी प्रॉपर्टी या लाभांश और आयकर धाराओं में छूट जैसे अवसरों का पता लगाते रहना भी स्मार्ट तरीका है और अपनी वित्तीय संभावनाओं मजबूत करने का भी।

कर्नल गोयल कहते हैं कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुसार, अगले पांच-छह वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के लगभग 8% बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि सरकार बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि कर रही है और निजी क्षेत्र के भी निवेश आ रहा है। इसलिए इंफ्रा क्षेत्र की कंपनियों में निवेश अच्छा रिटर्न दे सकता है। बढ़ती आबादी और बीमारियों में वृद्धि के कारण, भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की मांग बढ़ रही है। भारत में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस क्षेत्र में भी निवेश का फायदा मिल सकता है ।

(लेखक, आर्थिक विषयों के जानकार और वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

# एयरटेल ने माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के जरिए इंटीग्रेटेड कॉलिंग की सुविधा के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ की साझेदारी

भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, भारतीय व्यापारिक संस्थाओं को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के जरिए कॉलिंग सेवा दी जाएगी। यह सेवा एयरटेल आईक्यू को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के साथ इंटीग्रेट कर प्रदान की जाएगी। माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के लिए एयरटेल आईक्यू के साथ, एंटरप्राइज जल्द ही इंटरनेट के माध्यम से फिक्स्ड लाइन पर देश भर के ग्राहकों से आसानी से जुड़ सकेंगे। यह नई सेवा एंटरप्राइजेज को टीम्?स के जरिये बाहरी यूजर्स, कॉल करने और उनकी कॉल लेने एवं उन्?हें अपने कार्यप्रवाह में संचार एवं सहयोग को जारी रखने में सक्षम बनाएगी

एयरटेल आईक्यू पर टीम्स फोन इंटीग्रेटेड कॉलिंग आईपी टेलीफोनी और सहयोग के लिए जरूरी कई प्लेटफॉर्म्स को मैनेज करने से लेकर नियंत्रण और सुरक्षा की कमी, रिमोट और हाइब्रिड कार्यों के समर्थन में लचीलेपन की कमी और उच्च पूंजीगत खर्च के निवेश का अभाव जैसी कई प्रमुख चुनौतियों को दूर करता है, जो एकसमान और सुचारू सहयोग के लिए जरूरी होता है।